www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

चुनौतियां जीवन को अधिक रुचिकर बनाती हैं और उन्हें दूर करना जीवन को अर्थपूर्ण बनाता है।

आज बेबाक

नुपूर शर्मा के मामले को लेकर बंगाल में कुछ ज्यादा ही बवाल हो रहा है। विधानसभा चुनाव के दौरान और उसके बाद हिंसा का तांडव मचाने में नया कीर्तिमान रचने वाला बंगाल इस मामले में भी नया रिकार्ड बनाने की कोशिश कर रहा है। दीदी भई कोतवाल फिर डर काहेका? लगता है दीदी के देवर बंगाल का नाम बवाल कराकर ही दम लेंगे। बंगाल के बिगड़ते हालात को केन्द्र सरकार जिस तरह नजर अंदाज कर रही है उससे बंगाल के कश्मीर बनने का खतरा पैदा हो गया है। वहां राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए पता नहीं किस मुहूर्त का इंतजार हो रहा है?

सूर्योदय

उदय : 5.44 प्रातः

अस्त : 7.09 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,953,838,268

भारत : 1,406,936,643

बाजार

सेंसेक्स : 52869.90

निफ्टी : 15782.90

गोल्ड : 50,619 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 60,193 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.92 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	39.2	27.6
बिलासपुर	43.4	30.4
जगदलपुर	38.0	24.1
अंबिकापुर	38.6	26.3

आज का दिवस

इंटरनेशनल डे ऑफफैमिली रेमिटेंसः हर साल 16 जून को International Day of Family Remittances यानि पारिवारिक प्रेषण का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनियाभर में अपने लगभग 800 मिलियन परिवार के सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाने लिये 200 मिलियन से अधिक प्रवासियों द्वारा दिए गए योगदान को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है।

इस वर्ष के इंटरनेशनल डे ऑफफैमिली रेमिटेंस को "Building resilience in times of crisis" की थीम पर मनाया जाएगा.

इंटरनेशनल डे ऑफ फैमिली रेमिटेंस का उद्देश्यः संयुक्त राष्ट्र का IDFR को मनाए जाने का उद्देश्य उन प्रभावों के बारे में जागरूकता लाना है जो इन योगदानों से लाखों परिवारों, समुदायों, देशों और क्षेत्रों पर भी पड़ता है। इसके अलावा IDFR सरकारों, निजी क्षेत्र की संस्थाओं और नागरिक समाज से भी ऐसे तरीके खोजने का आग्रह करता है जो व्यक्तियों और सामूहिक कार्यों के लिए प्रेषण के रूप में किए गए योगदान के प्रभाव को अधिकतम कर सकें.

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 16 जून 2022, शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-114 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दिल्ली से लौटे, राहुल से मिलने सीधे बिलासपुर पहुंचे सीएम भूपेश

मासूम की मां हुई भावुक, कहा -आप हमारे देवता हैं, सीएम ने ने कहा- हमने अपना फर्ज निभाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा के पिहरीद गांव में 60 फीट गहरे बोरवेल में फंसे राहुल को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उससे मिलने अपोलो अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री राहुल से मिलने दिल्ली से सीधे बिलासपुर पहुंचे। सीएम भूपेश को देख राहुल की मां गीता साहू भावुक हो गई और उनका पैर पकड़ते हुए बोली कि आप हमारे लिए देवता हैं। जवाब में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमने अपना फर्ज निभाया है। अब छत्तीसगढ़ सरकार राहुल की पढ़ाई लिखाई की भी व्यवस्था करेगी। सीएम ने राहुल के परिजनों से भी बातचीत की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल की मां गीता साहू के सिर में हाथ फेरते हुए उन्हें सांत्वना दिया और धैर्य

रखने के लिए शाबाशी भी दी। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू टीम ने अपना काम बेहतरीन तरीके से किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राहुल के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। उनके साथ शहर विधायक शैलेष पांडेय, महापौर रामशरण यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव सहित कांग्रेस नेता व अधिकारी मौजूद रहे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मां की नजरें बेटे से हट नहीं रहीं..

अस्पताल के आईसीयू में राहुल की मां गीता साहू। मां बार-बार बेटे का माथा चूम रही है..मेरा लाल..मेरा लाल कहकर सर में हाथ फेर रही है, दुलार रही है। एक -एक जख्मों को देख रही है मानो आज ही वो सारे जख्मों को भर देना चाहती हो। राहुल सुन नहीं सकता, पर माँ के हाथों में वो जादू है जिससे सिर्फ महसूस भर किया जा सकता है, सुनने की जरूरत ही कहां है। राहुल बोल भी नहीं सकता, एकटक मां को ही देख रहा, मां उसे निहार रही है फिर शब्दों की किसे जरूरत है। राहुल और उसकी माँ का प्यार देखकर तो लगा जैसे दोनों को पूरी दुनिया मिल गयी हो।

राहुल से तीसरे दिन भी सवाल : उग्र हुए कांग्रेसी

■ **छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पुलिस से हुई झड़प, बोले- आप सीएम को नहीं रोक सकते**

नई दिल्ली/रायपुर। नेशनल हेराल्ड केस में पूछताछ के लिए बुधवार को लगातार तीसरे दिन राहुल गांधी ईडी ऑफिस पहुंचे। लंच से पहले राहुल से करीब साढ़े 3 घंटे तक पूछताछ हुई। लंच के बाद फिर से करीब 4 बजे ईडी ऑफिस पहुंचे। शाम साढ़े 6 बजे तक उनसे पूछताछ जारी था। इधर, पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध जारी है। इस बीच दिल्ली पुलिस ने विरोध ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम भूपेश को दिल्ली पुलिस ने रोका

कांग्रेस कार्यालय के पास लगे बैरिकेड पर रोके जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दिल्ली पुलिस से झड़प हो गई। उन्होंने पुलिस से कहा- आप एक मुख्यमंत्री को नहीं रोक सकते हैं, लेकिन पुलिस ने उन्हें नहीं जाने दिया। भूपेश बघेल ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा- 'मैं अपने घर में इनसे पूछकर जाऊंगा? मैं अपने कार्यालय इनसे पूछकर जाऊंगा? मैं नक्सल प्रदेश से आता हूं, मुझे जेड+ सुरक्षा है। मुझसे कह दिया जाता है कि सिर्फ एक सुरक्षाकर्मी लेकर जाएंगे। मुझे बीच सड़क पर एक घंटे तक रोक दिया जाता है। आखिर साजिश क्या है?'

ईडी दफ्तर के बाहर टायरों में लगाई आग

कांग्रेस ने गृह मंत्री अमित शाह को भेजा नोटिस

नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ की डिटेल मीडिया में आने पर कांग्रेस ने गृह मंत्री, वित्त मंत्री और कानून मंत्री को नोटिस भेजा है। कांग्रेस ने पूछताछ की जानकारी सामने आने पर सवाल उठाया है और नोटिस जारी कर जवाब देने की मांग की है। कांग्रेस की ओर से भेजे गए लीगल नोटिस में न्यूज चैनलों पर चलने वाली तीन रिपोर्ट्स का हवाला दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि इन चैनलों ने अज्ञात स्रोतों के हवाले से दावे किए थे कि पूछताछ के दौरान राहुल गांधी जवाब देने से बच रहे हैं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कुएं का पानी पीने से महिला की मौत 6 बीमार, कुएं को कराया तत्काल बंद

बालोद/नवप्रदेश। बालोद में बुधवार को कुएं का पानी पीने से महिला की मौत हो गई। जबकि 6 लोग बीमार हैं। इनमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें राजनांदगांव रेफ र किया गया है। यह सभी लोग दो परिवारों के बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर कलेक्टर और प्रशासन की टीम सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कुएं से पानी का सैंपल भी लिया गया है। वहीं कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल कुएं को बंद करा दिया गया। जानकारी के मुताबिक, गुंडरदेही विकासखंड स्थित ग्राम सुरेगांव निवासी प्रमिला बाई साहू पति रूखम (45 साल) और कमलेश कुमार का परिवार एक ही कुएं से पानी लेता था। बुधवार को भी कुएं से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन की हालत गंभीर

6 ग्रामीण बीमार हो गए हैं। जिनमें 3 की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार बिहऊ लाल (80 वर्ष), बासीन बाई (47 वर्ष), सिलोचनी बाई (67 वर्ष, कमलेश (23 वर्ष), दामिनी (21 वर्ष) और सूर्यकांत (18 वर्ष) का इलाज जारी। इनमें तीन की हालत गंभीर होने की वजह से राजनांदगांव रेफर किया गया। साथ ही बताया यह भी जा रहा है कि मृतक एवं उपचार ले रहे ग्रामीण एक ही परिवार के हैं। वही सीएमएचओ ने मामले में डायरिया की आशंका जताई। इस पूरे घटना पर कलेक्टर भी नजर बनाये हुए हैं। वे लगातार मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और आवश्यक दिशा निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दे रहे हैं।

रामनाथ कोविंद ने गोवा में नए राजभवन की रखी आधारशिला

पणजी (वार्ता)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को डोना पाउला में नए राजभवन की आधारशिला रखी। इस अवसर देश की पहली सविता कोविंद, गोवा के राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई, उनकी पत्नी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डीजीपी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

■ **सभी आईजी व पुलिस अधीक्षकों को अपराधों पर अंकुश लगाने के दिए निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी)अशोक जुनेजा ने सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षक तथा प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ प्रदेश की कानून व्यवस्था और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की समीक्षा की। वीसी के माध्यम से की गई समीक्षा के दौरान डीजीपी ने सभी जिलों में

संपत्ति संबंधी अपराध शारीरिक अपराध, महिलाओं तथा बच्चों के विरूद्ध घटित अपराधों पर नियंत्रण की समीक्षा की और इन अपराधों पर नियंत्रण हेतु संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप और शासन की प्राथमिकता सूची में सम्मिलित चिटफंड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जम्मू में यात्री बस से विस्फोटक सामान बरामद

जम्मू (वार्ता)। जम्मू के बाहरी इलाके झज्जर कोटली में आज एक यात्री बस से पुलिस को विस्फोटक सामान मिला। पुलिस के सूत्रों ने कहा कि यहां झज्जर कोटली के पास नाकेबंदी पर नियमित सुरक्षा जांच के दौरान यात्री बस से विस्फोटक के रूप में जिलेटिन की छड़ें मिली।

उन्होंने कहा, बम निरोधक दस्ते को तुरंत कार्य पर लगाया गया और विस्फोटक को निष्क्रिय किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डोडा से जम्मू आ रही बस में विस्फोटक से भरा बैग पाया गया था। उन्होंने कहा कि बस को नाके पर रोका गया और तलाशी के दौरान बस में एक बैग से जिलेटिन की छड़ें, विस्फोट उपकरण और तार जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में कई संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है और जांच शुरू की गयी है।

सिखों पर टिप्पणी कर घिरीं किरण बेदी

■ **विवाद छिड़ने पर मांग ली माफी, कहा- मंशा गलत न समझें**

नई दिल्ली(ए.)। पूर्व आईपीएस और पुदुचेरी की उप राज्यपाल किरण बेदी सिखों को लेकर की गई एक मजाकिया टिप्पणी पर घिर गई हैं। यही नहीं विवाद बढ़ने पर एलजी किरण बेदी ने इस मसले पर माफी भी मांग ली है। दरअसल सोमवार को चेन्नै में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान किरण बेदी ने '12 बजे' वाला एक जोक सिखों को लेकर बोला था। उनकी इस

टिप्पणी वाला वीडियो तेजी से वायरल हो गया। यही नहीं पंजाब की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे को हाथोंहाथ लपक लिया और किरण बेदी पर हमला बोला। आप ने कहा कि किरण बेदी की यह टिप्पणी सिखों का मजाक उड़ाने जैसा है और यह शर्मिंदा करने वाली बात है।

आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रभारी जरनैल सिंह ने ट्वीट किया, 'मुगल जब इस देश को लूट रहे थे। महिलाओं का अपहरण कर रहे थे, तब सिखों ने उनसे लड़ाई लड़ी थी। बहनों और बेटियों को बचाने का काम किया था। 12 बजे का वक्त मुगलों पर हमला करने का था। यह हमारा इतिहास है। ऐसे नेताओं पर शर्म आती है, जजो सिखों का मजाक बनाते हैं।' ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1984 के सिख विरोधी दंगे में एसआईटी की बड़ी कार्रवाई

■ **38 साल बाद 4 आरोपी गिरफ्तार**

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में 1984 के सिख विरोधी दंगों की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक बड़े घटनाक्रम में उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जिले के घाटमपुर इलाके में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। एसआईटी और कानपुर बाहरी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इन्हें गिरफ्तार किया गया है। आपको बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश में सिखों के खिलाफ दंगे हुए थे। इसमें कई लोगों की जान चली गई थी।

एसआईटी का गठन तीन साल पहले 2019 में किया गया था। केंद्र सरकार ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के सात मामलों को फि र से खोलने का फैसला किया था। इनमें आरोपी या तो बरी हो गए थे या ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में कोरोना की डराने वाली रफ्तार

■ **रोजाना मामले तीन महीने के टॉप पर**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना की अगली लहर की आशंका के बीच नए मामलों ने एक बार फिर से विशेषज्ञों को चौंका दिया है। पिछले 24 घंटे में देश में 8822 नए मामले सामने आने आए हैं। यानी सिर्फ एक दिन में इतने नए लोग कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। यह पिछले तीन महीने में एक दिन में मिले सबसे ज्यादा कोरोना मरीजों की सबसे ज्यादा संख्या है। इसके साथ ही एक दिन में 15

लोगों की मौत भी दर्ज की गई है।

दरअसल, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी किए गए नए आंकड़ों के मुताबिक 8822 नए मामले आने के बाद देश में कोरोना के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 53637 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.12 प्रतिशत है। साथ ही पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 3,089 की बढ़ोतरी भी हुई है। वहीं देश में संक्रमण से 15 और लोगों की मौत हो गई जिसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 524792 हो गई है।

उधर पिछले तीन दिनों तक लगातार रोजाना आठ हजार से ज्यादा केस आए। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि रिकवरी रेट 98.66 प्रतिशत है। 24 घंटे में 5718 लोगों ने कोरोना को मात दी है। इसमें से सबसे ज्यादा 2165 लोग महाराष्ट्र में और 1576 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

राष्ट्रपति चुनाव... राष्ट्रपति चुनाव के लिए ममता की बुलाई बैठक से कई दलों ने बनाई दूरी

ममता की बैठक से पांच दल गायब, बीजेपी गदगद

■ **राष्ट्रपति चुनाव के लिए दीदी विपक्ष को एकजुट करने में जुटी**

नई दिल्ली। राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष की ओर से कौन उम्मीदवार होगा? उस नाम को जानने से ज्यादा लोगों की उत्सुकता इस बात को लेकर थी कि ममता बनर्जी की ओर से बुलाई गई बैठक में कौन-कौन आएगा। क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप मुखिया अरविंद केजरीवाल , टीआरएस प्रमुख और तेलंगाना के सीएम केसीआर आएंगे? दोनों नेताओं ने आज बुधवार दिल्ली में होने वाली बैठक से दूरी बना ली। इन दो नामों की चर्चा इसलिए भी अधिक थी क्यों कि विपक्ष की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए खास रणनीति बनाई जा रही है। विपक्ष की अगुवाई कौन करेगा यह सवाल बड़ा है यदि बुधवार होने वाली बैठक में दोनों नेता शामिल हो जाते तो ममता बनर्जी के लिए बड़ी जीत होती और राजनीतिक गलियारों में अलग चर्चा शुरू हो जाती।

ममता बनर्जी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बीच राजनीतिक संबंध मधुर है। दिल्ली में इन दोनों नेताओं की कई बार मुलाकात भी हो चुकी है। लेकिन आम आदमी पार्टी पिछले कई महीनों से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ममता की बैठक में कौन-कौन पहुंचा

दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में ममता की मेजबानी में बैठक करीब तीन बजे शुरू हुई। इसमें 15 दलों के नेता शामिल हुए। ममता ने सभी को बाहर आकर रिसीव किया। बैठक में पहुंचे नेताओं में- प्रफुल्ल पटेल, यशवंत सिन्हा, दीपंकर भट्टाचार्य, प्रियंका चतुर्वेदी, कुमारस्वामी, सुभाष देसाई, शरद पवार, पीसी चाको, महबूबा मुफ़्ती, सूरजेवाला, मनोज झा, उमर अब्दुल्ला, मल्लिकार्जन खड़गे, सुरजेवाला, जयराम रमेश शामिल थे।

केजरीवाल और केसीआर की दूरी के क्या हैं मायने

राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष की ओर से कौन उम्मीदवार हो इसको लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री की ओर से बुलाई गई बैठक से आम आदमी पार्टी ने किनारा कर लिया है। इस बैठक में क्क की ओर कोई शामिल नहीं होगा। आम आदमी पार्टी की ओर से कहा गया है कि उम्मीदवार का नाम सामने आने के बाद इस पर फैसला होगा। वहीं तेलंगाना के सीएम केसीआर भी इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। साथ ही उनकी पार्टी का कोई प्रतिनिधि भी इस बैठक में शामिल नहीं हो रहा है।

विपक्ष का चेहरा कौन होगा, सवाल बरकरार

2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से जो सवाल उभरा कि पीएम मोदी के सामने में विपक्ष का चेहरा कौन होगा वह सवाल अब भी बरकरार है। 2014 के बाद 2019 के चुनाव में भी कई प्रयोग हुए लेकिन सफल नहीं रहा और यूपी उसका एक बड़ा उदाहरण है। बंगाल में जीत के बाद कमजोर होती कांग्रेस को देख ममता बनर्जी अपने लिए मिशन दिल्ली के लिए बहुत बड़े मौके के तौर पर देख रही हैं और वह दोनों हाथ से इस मौके को लपकना चाहती हैं। नरेंद्र मोदी को कोई टक्कर दे सकता है तो वह ममता बनर्जी ही हैं इस नैरेटिव को सेट करने की कवायद बीजेपी के कद्दावर नेता रहे यशवंत सिन्हा को पार्टी में शामिल करने के साथ हुई और उसके बाद भी जारी है। अगुवाई करने के किसी मौके को ममता बनर्जी हाथ से नहीं जाने देना चाहती हैं।

संपादकीय

खाड़ी देशों की अक्ल ठिकाने पर आई

भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपूर शर्मा के एक तथाकथित विवादास्पद बयान को लेकर पाकिस्तान सहित छप्पन इस्लामिक देशों ने भारत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इनमें से कुछ छुटभैय्ये देशो ने भारत के साथ व्यापारिक संबंध खत्म करने की गीदड़ भभकी दे डाली थी। ये देश भारत पर दबाव बना रहे थे कि वह इस मामले में माफी मांगे लेकिन भारत ने इनके दिमाग ठिकाने पर ला दिए। अब खाड़ी देशों में भारत के कठोर रूख को लेकर हड़कंप मच गया है। भातर इन देशों से सिर्फ पेट्रोलियम पदार्थ लेता है औश्र दबले में इन्हे अनाज ससे लेकर फल औरर साग सब्जि तक निर्यात करता है। भारत पेट्रोलियम पदार्थो की पूर्ति अपने मित्र देश रूस के अलावा अन्य देशों से भी कर सकता है लेकिन खाड़ी देश भारत द्वारा खाद्यान फल और सब्जी की आपूर्ति रोके जाने से भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे। भारत जैसा बड़ा बाजार उनके हाथ से निकल जाएगा तो वे पेट्रोल का आखिर क्या करेंगे। यह बात जब इन देशों की समझ में आई तो उन्होने भारत के साथ अपने संबंध पूर्ववत बनाए रखने की कवायद शुरू कर दी। ईराक के विदेश मंत्री तीन दिनों तक नई दिल्ली में डेरा डाले रहे कि भारत ईराक से पेट्रोलियम पदार्थो की आपूर्ति जारी रखे। इसके लिए ईराक अपनी शर्तो में ढील देने के लिए भी तैयार हो गया है। यही नहीं बल्कि कुवैत ने तो और भी बड़ा कदम उठाया है। कुवैत में भारत पाकिस्तान और बांग्लादेश मूल के जो लाखों लोग काम करते है उन्होने नुपूर शर्मा के खिलाफ कुवैत में धरना प्रदर्शन किया था। इन सभी लोगों को कुवैत सरकार ने न सिर्फ गिरफ्तार कर लिया है बल्कि इनका वीजा रद्द कर इन्ह इनके देशों में भेजा जा रहा है। कुवैत ने साफ कहा है कि अब इन लोगो को भविष्य में कभी में कुवैत में नहीं घुसने दिया जाएगा। जाहिर है यह भारत की ताकत का ही असर है कि खाड़ी देशो की अक्ल ठिकाने पर लग गई है। वैसे भी यह भारत का अंतरिक मामला है और इसमें दखलंदाजी करने का हक किसी और देश को कतई नहीं है। भारत सभी धर्मो का समान रूप से आदर करता है और अल्पसंख्यकों के अधिकार जितना भारत में सुरक्षित है उतना दुनिया के किसी भी देश में नहीं है। भारत दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कभी नहीं करता है इसलिए वह यह भी बर्दाश्त नहीं करेगा कि कछ टटपूंझिए देशा भारत के अंदरूनी मामलों में दखल दें और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की स्वच्छछ छवि को धूमिल करने का प्रयास करें। यदि कोई देश ऐसा दु:साहस करेगा तो भारत से पंगा लेकर वह इसके गंभीर दुष्परिणाम ही भोगेगा।

कविता

चंद्रमा का आवरण

चन्द्रकांत खुंटे 'क्रांति'

विशाल गगन की आँगन में, उदित शीश धवल-धावन में
श्वेत-श्वेत आवरण बना शुक्ल पक्ष चमकत पावन में।।
जग को करते रोशन घूम-घूम यामिनी दामन में
देश-दुनिया नही चलती बगरे बिन तमसापन में।।
असीम किरणों को रोककर प्रगति में बाधकता बन के।
आवरण खड़ा धनवान सरिस, चंद्रमा रह जाते सहम के।।
चंद्रमा हो जाते फिर गुम, रुकावट होते सब श्रम में।
कार्यो की गति मंद हो जाती, इस शोषण के अनुक्रम में।।
संघर्षो की गति नही रुकती, आवरण हटाते संयम से।
नित्य समय फिर कर्म करते, हर मौसम-बेमौसम में।।
फिर जगमग होती जग, खुशियाँ बिखेरती मातम में।
मानसिक दृढ़ता के साहस से, आवरण चूर पराक्रम से।।

दोस्त

शीतल दिवाकर

एक दूजे का बनकर साया, ऐसा दोस्त हैं मैने पाया।
दोस्त तो हजार मिले, पर उनमें से कुछ खास मिले।
रूठ जाऊ जो मना ले, टूट जाऊ तो संभाल ले।
दोस्ती की हैं ऐसी काया, ऐसा दोस्त हैं मैने पाया।
दोस्तो के साथ बीते कल, याद आए कुछ दो पल।
कहा रह गई वो यादें, कहा छूट गई वो बाते।
जीवन के हर मोड पर, दोस्तो ने साथ निभाया है।
बस किस्मत से मैने, ऐसा दोस्त पाया है।
प्यार है विश्वाश है, दोस्ती में ये बेशुमार है।
जीवन का एक एहसास है, रिश्तों का ये ताज है।
दोस्तो में है ऐसी माया, ऐसा दोस्त हैं मैंने पाया।

जिस तरह भी थी जवानी बीत गई

जिस तरह भी थी जवानी बीत गई। इक कहानी थी कहानी बीत गई।
खूबसूरत निर्झरों के वेग में, सूखा पानी तो रवानी बीत गई।
चमकता तारा गगन से टूटा क्या, आंख झपकी जिंदगानी बीत गई।
पतझड़ी में भी शगूफे ढूंढते, जब कि सारी रूत सुहानी बीत गई।
ख़त्म हुई लहरें तो ठहरतीं किश्तियां, इक नदी की मेहरबानी बीत गई।
डूब गया सूरज अधेंरा जा गया, बात बालम थी पुरानी बीत गई।

– बलविंदर बालम

चुनावी रिफॉर्म्स की फिर वकालत

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

> जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत आप एक या दो नहीं, बल्कि आपको इससे भी ज्यादा सीटों से एक साथ चुनाव में लड़ने की आजादी थी। अधिनियम की धारा 33 पर सवाल उठने लगे तो 1996 में धारा 33 में संशोधन किया गया। अब धारा 33 (7) के अनुसार कोई भी उम्मीदवार केवल दो सीटों पर ही एक साथ चुनाव लड़ सकता है। 1957 के आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक साथ यूपी के तीन लोकसभा क्षेत्रों- लखनऊ, मथुरा और बलरामपुर से अपना भाग्य आजमाया। 1980 में मैडम इंदिरा गांधी ने रायबरेली और मेडक से लड़ी और दोनों सीटों से विजयी रहीं। उन्होंने रायबरेली को चुना और मेडक सीट पर उपचुनाव हुआ। आयोग बार-बार होने वाले उपचुनाव को नहीं चाहता है, क्योंकि समय और धन बर्बाद होते हैं। इसीलिए आयोग ने एक प्रत्याशी- एक सीट की प्रबल संस्तुति की है। चुनाव प्रहरी ने 2004 में भी यह अनमोल सुझाव दिया था कि यदि इसे स्वीकार नहीं किया जाता है तो कानून में एक स्पष्ट प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत कोई भी उम्मीदवार दो सीटों पर जीतता है तो छोड़ी गई सीट के उपचुनाव का सारा खर्च विजयीप्रत्याशी को खुद वहन करना होगा।

आजादी के अमृत महोत्सव बरस में चुनाव आयोग और शक्तिशाली होना चाहता है। 72 साल के अपने लंबे एवम् कटु अनुभवों के आधार पर इलेक्शन कमीशन ने बड़े बदलाव की कार्ययोजना को मूर्त रूप दिया है। नए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई मैराथन मीटिंग में छह सिफारिशों की केन्द्र सरकार से प्रबल संस्तुति की गई है। बेशक, ये सारे प्रस्ताव अनमोल हैं। मसलन- एक उम्मीदवार- एक सीट का वक्त आ गया है। ओपेनियन और एग्जिट पोल पर रोक लगाई जानी चाहिए। राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द करने का अधिकार आयोग को मिलना चाहिए। आधार को वोटर आईडी से लिंक किया जाए। पात्र लोगों को वोटर के रूप में पंजीकृत होने के लिए चार कटऑफ तिथियों के नियम को अधिसूचित किया जाए। 2000 से ज्यादा के सभी चंदों के बारे में जानकारी सार्वजनिक करने के लिए फॉर्म 24 ए में संशोधन की भी दरकार है। दुनिया भर में भारत के चुनाव आयोग की छवि निष्पक्ष है। वर्ल्ड के बहुतेरे देश आयोग के आला अफसरों को अपने यहां ट्रेनिंग के लिए आमंत्रित करते हैं। यदि केन्द्र सरकार फौरी तौर पर इन सिफारिशों पर सहमत हो जाती है तो यह वक्त बताएगा कि इलेक्शन कमीशन और कितना पारदर्शी हो जाएगा? सियासी दलों से लेकर वोटर्स तक का कितना नफा-नुकसान होगा? इन छह सुझावों के पीछे चुनाव आयोग की नीयत नि:संदेह साफ है। आयोग इलेक्शन में बेजां वक्त और धन नहीं खर्च करना चाहता है, बल्कि चुनाव को मित्तव्ययी और पारदर्शी बनाना चाहता है। 18 साल के युवक को मतदाता पहचान पत्र दिलाना इसके एजेंडे में सर्वोच्च है ताकि वोटिंग परसेंटेज में इजाफा हो सके। हालांकि यह भी चर्चा में है, पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव संग-संग होने चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी इसके प्रबल पैरोकार है। इस संदर्भ में विस्तार से चर्चा फिर करेंगे।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत आप एक या दो नहीं, बल्कि आपको इससे भी ज्यादा सीटों से एक साथ चुनाव में लड़ने की आजादी थी। अधिनियम की धारा 33 पर सवाल उठने लगे तो 1996 में धारा 33 में संशोधन किया गया। अब धारा 33 (7) के अनुसार कोई भी उम्मीदवार केवल दो सीटों पर ही एक साथ चुनाव लड़ सकता है। 1957 के आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक साथ यूपी के तीन लोकसभा क्षेत्रों- लखनऊ, मथुरा और बलरामपुर से अपना भाग्य आजमाया। 1980 में मैडम इंदिरा गांधी ने रायबरेली और मेडक से लड़ीं और दोनों सीटों से विजयी रहीं। उन्होंने रायबरेली को चुना और मेडक सीट पर उपचुनाव हुआ। आयोग बार-बार होने वाले उपचुनाव को नहीं चाहता है, क्योंकि समय और धन बर्बाद होते हैं। इसीलिए आयोग ने एक प्रत्याशी- एक सीट की प्रबल संस्तुति की है। चुनाव प्रहरी ने 2004 में भी यह अनमोल सुझाव दिया था कि यदि इसे स्वीकार नहीं किया जाता है तो कानून में एक स्पष्ट प्रावधान होना चाहिए, जिसके तहत कोई भी उम्मीदवार दो सीटों पर जीतता है तो छोड़ी गई सीट के उपचुनाव का सारा खर्च विजयी प्रत्याशी को खुद वहन करना होगा। आयोग का यह सुझाव भी फिलहाल ठंडे बस्ते में है।

ताऊ तीनों से हारे तो एनटीआर की बल्ले-बल्ले

सियासत के दिग्गज- लालकृष्ण आडवाणी, मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव भी समय-समय पर एक से ज्यादा सीटों पर लड़े। हारे। जीते। 1985 में एनटी रामाराव और 1991 में देवीलाल का चुनावी नतीजा बड़ा दिलचस्प रहा। दोनों दिग्गज एक साथ तीन-तीन सीटों पर लड़े लेकिन एनटीआर को तो जनता ने तीनों सीटों पर विजयश्री का सेहरा पहना दिया, लेकिन ताऊ को हरियाणा की आवाम ने तीनों सीटों पर हरा दिया। दरअसल ये सियासीदां हार के ड़र से दूसरी सुरक्षित सीट भी चुनते हैं। उदाहरण के तौर पर 2019 में श्री राहुल गांधी को अमेठी में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से कड़ी चुनौती मिली तो राहुल गांधी ने केरल में वायनाड को सुरक्षित सीट के तौर पर चुना। चुनाव आयोग 18 बरस पूर्व भी जनप्रतिनिधित्व एक्ट की धारा 33(7) में संशोधन प्रस्ताव कर चुका है।

ओपेनियन-एग्जिट पोल पर उठते रहे सवाल

लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहे जाने वाले मीडिया की चुनावों में भी अहम भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। चुनाव लोकसभा का हो या विधानसभा का, ओपेनियन और एग्जिट पोल चुनिंदा क्षेत्रों और वोटरों की पसंद और नापसंद पर होते हैं। उल्लेखनीय है, चुनावी मौसम आते ही सर्वे की भरमार लग जाती है। कोई कहता है कि बीजेपी को इतने वोट मिलेंगे तो कोई कहता है कि कांग्रेस को इतने वोट मिलेंगे। इन अलग-अलग सर्वे को मुख्यतः दो भागों में बांटा जाता है। दिल्ली, पश्चिम बंगाल और पंजाब में समय-समय पर सर्वे को देखने का चश्मा अलग-अलग रहा। दरअसल ये सर्वे जमीनी हकीकत को सूंघ नहीं पाते हैं। सर्वे और नतीजे भिन्न-भिन्न हो जाते हैं। कई बार सर्वे औंधे मुह गिरते हैं। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल। कांग्रेस तो चुनाव आयोग से पहले ही इन पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर चुकी है।

पंजीकरण रद्द करने का मिले अधिकार

चुनाव आयोग को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 ए राजनीतिक दलों को पंजीकृत करने का हक तो देती है, लेकिन किसी पंजीकृत पार्टियों का पंजीयन रद्द करने की शक्ति नहीं है। आयोग की यह डिमांड भी लंबे समय से पेंडिंग है। उल्लेखनीय है, आयोग में 21 हजार से अधिक गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल पंजीकृत हैं। आयोग का मत है, ये दल सिर्फ रजिस्ट्रेशन कराते हैं, लेकिन कभी चुनाव नहीं लड़ते हैं। ऐसे में ये सिर्फ आयकर छूट का लाभ ही उठाते हैं। चुनाव प्रहरी ने सरकार से यह भी बदलाव चाहा है, बीस हजार के बजाए दो हजार के डोनेशन को दिखाने के लिए भी फॉर्म 24 ए में भी परिवर्तन होना ही चाहिए।

आधार से वोटर आईडी को जोड़ा जाए

दिसम्बर 2021 में राज्यसभा ने चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक-2021 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया था। इस बिल में सबसे बड़ा बदलाव यही था कि आधार को वोटर आईडी से लिंक किया जाए। अब चुनाव आयोग कानून मंत्रालय से अनुरोध किया है, आधार को वोटर आईडी से जल्द से जल्द लिंक कराने की अधिसूचना जारी कर दे। चुनाव आयोग का एक और यह यह सुझाव भी एक दशक से लंबे समय से लंबित है। मौजूदा वक्त में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 14(बी) के अनुसार मतदाता सूची में पात्रता की योग्यता तिथि 01 जनवरी है। ऐसे में युवा 18 साल होने पर भी वोट से वंचित रह जाता है, क्योंकि नामावली अगले वर्ष संशोधित होती है।

यदि बीच में कोई चुनाव आता है तो ये युवा वोटर अपने मताधिकार से वंचित रह जाते हैं। पूरी दुनिया में भारत की बात करें तो यहां सर्वाधिक युवा है। ऐसे में आयोग का सुझाव है, युवाओं को बतौर मतदाता रजिस्ट्रेशन करने को चार मौके मिलने चाहिए।

देश में सड़क हादसों का बढ़ता आंकड़ा

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> निस्संदेह, यह इस बात का संकेत है कि तमाम दुर्घटनाएं लापरवाही से गाड़ी चलाने के विनाशकारी परिणामों को दर्शाती हैं। दरअसल, अपनी लेन में गाड़ी चलाने के प्रति चालक गंभीर नहीं रहते। बेहद लापरवाही से ओवरटेक करने की कोशिश आम बात है जिसका परिणाम गंभीर सड़क दुर्घटनाओं के रूप में सामने आता है। कुल मिलाकर हमारी सड़क के नियमों का पालन न करने तथा गैरजिम्मेदार ढंग से वाहन चलाने की प्रवृत्ति को ही दर्शाता है।

दुनिया की बात करें तो सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भारत में ही होती हैं, क्योंकि यहां के लोग जान हथेली पर लेकर चलते हैं। देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं सभी के लिए चिंता का कारण हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मारे गए 10 लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। आखिर भारत में ऐसी स्थिति क्यों है? इसके कई कारण हैं जैसे कि चालकों की लापरवाही, निर्धारित सीमा से तेज रफ्तार में वाहन चलाना, सड़कों की समय पर मरम्मत न होना, पर्याप्त रोशनी का न हो पाना, यातायात पर निगरानी एवं संकेतकों का न होना, इसके अलावा अपात्र लोगों को भी आसानी से लाइसेंस का मिल जाना।

हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी की गई भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 'रोड एक्सिडेंट्स इन इंडिया-2020' नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2020 में कुल 1,20,806 घातक दुर्घटनाओं में से 43,412 राष्ट्रीय राजमार्गों पर, 30,171 राज्य राजमार्गों पर और 47,223 अन्य सड़कों पर हुईं। सबसे चिंताजनक बात ये है कि इन घातक दुर्घटनाओं में सबसे अधिक युवा चपेट में आए। रिपोर्ट कहती है कि साल 2020 के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 3,66,138 सड़क हादसे हुए जिसमें 1,31,714 लोगों की जान गई और 3,48,279 लोग घायल हुए। हर एक सौ सड़क हादसे में 36 लोगों की जान गई जो कि साल 2019 के 33 के मुकाबले कहीं अधिक है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब कोई बड़ी सड़क दुर्घटना में लोग बेमौत न मारे जाते हों।

लापरवाही कहें या रफ्तार का कहर या फिर खराब सड़कें, देश भर में सड़क दुर्घटनाएं कम नहीं हो रही हैं, जो इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की रेटिंग को भी प्रभावित करती हैं। देश की संसद भी इससे चिंतित है, लेकिन उपायों को लेकर कुछ खास होता दिख नहीं रहा। केवल आंकड़ों को देखें तो भारत में बीता एक दशक करीब 12 लाख से ज्यादा जिंदगियां लील चुका है तथा सवा करोड़ से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल और दिव्यांग की श्रेणी में आ चुके हैं। यह विडंबना ही है कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोग यूं ही जीवन गंवा देते हैं और बड़ी संख्या में जीवनभर के लिये अपंग हो जाते हैं। जान-माल की व्यापक क्षति के बावजूद इस दिशा में कोई गंभीर पहल होती नजर नहीं आती। भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में औसतन करीब चार सौ लोग रोज मौत के मुंह में चले जाते हैं।

दुखद यह भी है कि मरने वाले लोग निर्दोष होते हैं और किसी दूसरे व्यक्ति की लापरवाही का खमियाजा भुगतते हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि इन हादसों में मरने वालों में अधिकांश लोग कर्मशील आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं और काम-धंधों के लिये घर से निकले होते हैं। 'रोड एक्सिडेंट्स इन इंडिया-2020' रिपोर्ट में चैंकाने वाली बात यह है कि इन 70 फीसदी सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की वजह ओवर स्पीडिंग रही है। वहीं गलत दिशा में गाड़ी चलाने से होने वाली मौतों का प्रतिशत पांच रहा है। हालांकि वर्ष 2019 के मुकाबले 2020 में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और मौतों के प्रतिशत में कमी आई है। लेकिन ऐसा नहीं कि सुरक्षा के मापदंड बेहतर होने से यह कमी आई है।

उल्लेखनीय है कि यह वह समय था जब कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण रोकने के लिये देश में सख्त लॉकडाउन लगाया गया था। इस दौरान यातायात की आवाजाही पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया था। वहीं एक महत्वपूर्ण बात यह भी कि ये सड़क दुर्घटनाएं मौसम की खराबी व दृश्यता कम होने की वजह से नहीं हुई हैं। विडंबना यह है कि 72 फीसदी से अधिक दुर्घटनाएं तथा 67 फीसदी से अधिक मौतें धूप व साफ मौसम के बीच हुई हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बरेली में एक एंबुलेंस व ट्रक की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। दुखद ही है कि किसी के जीवन की रक्षा के लिये एंबुलेंस से जा रहे लोगों को जीवन के बदले मौत मिली। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूपी में हर एक घंटे में सड़क पर करीब 3 लोगों की मौत होती है। मई 2020 में यूपी के औरैया जिले में एक ट्राला के पलट जाने से 24 प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई थी। 20 नवंबर 2020 प्रतापगढ़ जिले के देशराज इनारा गांव के पास प्रयागराज -लखनऊ हाईवे में दुर्घटना हुई। जिसमें एक एसयूवी कार की भिड़ंत एक ट्रक से होने से 14 लोगों की मौत हो गई। 8 जून 2020 को कानपुर में भयंकर सड़क हादसा हुआ। जिसमें डबल डेकर बस की टक्कर टेम्पो से हुई। इस हादसे में 17 की मौत और 24 अन्य घायल हुए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्यार सदा अनमोल

प्यार सदा अनमोल रहा है। रस दुनिया में घोल रहा है।। उसकी आँखे तोल रहा है, अपना दिल भी खोल रहा है। धीरे-धीरे जाने क्या वो, कानों में कुछ बोल रहा है। मौसम की मादक शै पाकर, आवारा दिल डोल रहा है। जिसकी यादों से नम आँखे, रिश्ता वो अनमोल रहा है। क्यूँ मानें हम उनकी बातें, बातों में जब झोल रहा है। लाख दिखावा भारी पन का, थोथा फिर भी ढोल रहा है। आंधी तूफां से टकरा कर पंछी पर फिर खोल रहा है। – **आशा पाण्डेय ओझा**

ये छुआछूत ये

ये छुआछूत, ये जातपात, ये सम्बन्धों के कुटिल घात, मानवता लेकर आज पीर, मगहर काशी के तीर तीर, अब पूछ रही होकर अधीर, क्या तुमने देखा है कबीर, जो सब प्रश्नों को तोलेगा । जो सचमुच में सच बोलेगा ।।

–कवि अंकित चहल 'विशेष'

खास पाती

हर क़दम पे ख़तरा है क्यूँ

हर क़दम पे ख़तरा है क्यूँ अजीब मंज़र है आदमी को लगता है आदमी से ही डर है नफ़रतों ने खेली है खून की यहाँ होली दिल कहाँ धड़कता अब आदमी तो पत्थर है देखिये जिसे भी वो भागता है रोज़ो शब रोज़ उसके सर पर ,लाखों ग़मों का लश्कर है माँगता समंदर है , आँसुओं का इक क़तरा तश्नगी नहीं मिटती रो रहा समंदर है शब को चाहता सूरज वो मगर नहीं मिलती हिज्र में ये जलता है आग इसके अंदर है चाँद के मुक़द्दर में इश्क़ ही लिखा शाइद चाँद की तो बाँहों में रातरानी अक्सर है वो पहुँच गया संसद अब बदल चेहरा अपना हाथ खून से रंगा पर वो आज रहबर है फिर चुभा चुभा नश्तर खून सब बहा देगा बचके रहिए 'ऐनुल' जी , वो बड़ा सितमगर है। – **'ऐनुल' बरौलवी**

वो शाम फिज़ा में महकती वो

वो शाम फिज़ा में महकती वो शाम सुहानी थी वो शाम कुछ इस तरह हसीं थी जब उसके स्नेहिल आमंत्रण पर वो उसके करीब थी इतने लंबे अर्से बाद एक दूसरे की आंखों में मौन प्रेम को जिया था उस शाम लगा कि थम जाए ये पल और वो उन आंखों में समा जाए आज भी शाम है,लेकिन तलाश है खाली से अल्फ़ाज़ और फ़ीकी मुस्कान के बीच उस स्नेहिल आमंत्रण की जो एक दूसरे की बीच पसरे मौन को फिर से मुखरित कर जाए। – **रेनू शब्दमुखर**

नन्हीं झील - सी आँखों में वह

नन्हीं झील - सी आँखों में वह संसार भरती है। पिता -पति - भाई के उर में,सदा हुँकार भरती है। सँभाले एक संग दो कुल,तिरोहित होके वह यारा- वह बेटी ही है जो पत्थर में भी झँकार भरती है। – **अमित शिवकुमार दुबे**

त्वरित न्याय पर्याय बना मैं,

त्वरित न्याय पर्याय बना मैं, चर्चा गाँव शहर पुर्जे पीछे सोच बड़ी है सोचें बैठ बशर. गली सड़क की टपरी तोड़ी और बाम दरख़त भरी आँख से देख रहे थे, बिना रीढ़ बद़बखूत वाम दाहिने रेंगें सत्ता, डोलूँ चार पहर. खाल उधेड़ी अनुशासन की, रखकर विधि पग तल कहे गड़ारी तेल न बाकी, और पेरनें चल धर्म युद्ध की ओट चुभोयें, खास वर्ग नश्तर. डैनें कटे जटायु से हम, तुम हो बुलडोजर. लचर व्यवस्था ध्वस्त करो अब चलें सभी तनकर घटे नहीं कुछ कद्दावर का, घटती दीन उमर।।

– **अंजलि यादव**

मंजिल के रास्ते आसान ढूंढ़ते हैं बेईमान औरों में ईमान ढूंढ़ते

मंजिल के रास्ते आसान ढूंढ़ते हैं बेईमान औरों में ईमान ढूंढ़ते हैं, जो खुद मुखौटा लगाए रहते हैं औरों की वही पहचान ढूंढते हैं, झूठ फरेब से करते हैं व्यापार वही सत्यवादी इन्सान ढूंढ़ते हैं, करते सबका अपमान हमेशा अपने लिए वो सम्मान ढूंढ़ते हैं, दिलबर का दिल तोड़ा करते हैं फिर उसी दिल में मकान ढूंढ़ते हैं ।

– **पूनम झा**

कागज़ गर बोल सकता कहता

कागज़ गर बोल सकता कहता ,कलम से इतिहास लिखो सच का , मानवता का सहिष्णुता का सहनशीलता का शौर्य का सहभागिता का काव्य लिखो ,ग्रंथ लिखो कलम दो बूंद आँसू गिरा कहता नफरत की स्याही जो भर दी इंसान ने प्यार कहाँ से लाऊँ शब्दों के विस्तार में। – **शिखा लाहीरी**

QUIZ TIME

1) किसे 10 मई, 2022 को लुई विटन के पहले भारतीय ब्रैण्ड एम्बेसडर के रूप में नियुक्त किया गया?
2) किस राज्य द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पुरस्कार 2022 जीता गया?
3) किस संस्थान ने युवा पर्यटन क्लब स्थापित करने की घोषणा की?
4) नाटो के साइबर रक्षा समूह में शामिल होने वाला पहला एशियाई देश कौन-सा है?
(5) केके का असली नाम कृष्णकुमार कुन्नाथ है। उनका पहला एल्बम का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दीपिका पादुकोण (2) झारखण्ड (3) केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय (4) दक्षिण कोरिया (5) पल (1999)

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1779- स?पेन ने ब्रिटेन के खिलाफ युद्ध का आगाज किया। 1881- ऑस्ट्रिया हंगरी और सर्बिया ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये। 1891- जॉन अबॉट कनाडा के तीसरे प्रधानमंत्री बनाये गए। 1903- फोर्ट मोटर कंपनी की स्थापना हुई। 1911- न्यूयार्क में आईबीएम कंपनी की स?थापना। 1924- चीन में वमपोआ सैन्य अकादमी की स्थापना हुई। 1925- राष्ट्रवादी नेता चितरंजन दास का निधन। 1963- विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री, रूस की 26 वर्षीय लेफ्टिनेंट वैलेनटीना तेरेशकोवा ने वोस्तोक 6 के जरिए अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। 1979- सीरिया में मुस्लिम ब्रदरहुड के साथ संघर्ष में 62 शेखों की मौत। 1992- ब्रिटेन की राजवधू डायना के जीवन पर लिखी गई किताब 'डायना - ए ट्रू स्टोरी' का विमोचन। 2008- कैलिफोर्निया में समलैंगिक जोड़े को शादी करने की इजाजत। 2012- चीन ने अंतरिक्ष यान शेनझौ 9 लांच किया। 2012- अमेरिकी वायुसेना का रोबोटिक बोइंग एक्स-37बी अंतरिक्ष यान अपना मिशन पूरा कर पृ?वी पर वापस लौटा। 2012- बहुराष्ट्रीय शीतल पेय कंपनी कोका कोला ने म्यांमार में 60 वर्षो के बाद कारोबार शुरू किया। 2016- चीन के शंघाई में पहले डिज्नी पार्क का उद्घाटन। 2019- भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाया।

बिल्डरों की मनमानी पर रेरा का रुख कड़ा, जयश्री मर्लिन विहार की खरीदी-बिक्री पर रोक, बैंको से कहा इस प्रोजेक्ट पर ऋण

दीपक अरोरा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में लगातार बिल्डरों के हौसले इतने बुलंद होने लगे हैं कि वह अब सरकारी नियमों का भी पालन करने से कतरा रहे हैं हालांकि इस मामले पर रेरा ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए पंडरी में स्थित मर्लिन जयश्री विहार फेस-2 की खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी है एक विभाग की इस कार्यवाही को लेकर जनता राहत महसूस कर रही है तो काम करने वाले बिल्डरों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी हुई है उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार समस्त बिल्डरों को हर 3 माह में अपनी रिपोर्ट छत्तीसगढ़ भू संपदा विनियामक प्राधिकरण की वेबसाइट पर प्रोग्रेस रिपोर्ट अपलोड करनी होती है ताकि रेरा को यह पता चल सके कि नियमानुसार बिल्डर कार्य कर रहे हैं या नहीं परंतु पंडरी में स्थित मर्लिन जयश्री विहार फेस-2 के निर्माण को लेकर बिल्डर द्वारा किसी भी तरह से जानकारी अपलोड नहीं की गई जिसको गंभीरता से लेते हुए रेरा ने जिलाधीश को पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट की खरीदी बिक्री रोक लगाने कहा है। रेरा द्वारा चिट्ठी लिखे जाने के बाद हड़कंप की स्थिति बनी हुई है

नोटिस का भी नहीं दिया जवाब

राजधानी के बिल्डर किस तरह बेलगाम हो रहे हैं इसका अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि रेरा द्वारा पंडरी स्थित मलिन जयश्री विहार फेस टू के निर्माण के संदर्भ में जानकारी अपलोड न किए जाने को लेकर नोटिस जारी किया परंतु किसी प्रकार का जवाब ना आने से रेरा द्वारा लगातार नोटिस जारी किया गया जिसके बाद भी बिल्डर ने ना ही जानकारी अपलोड की और ना ही किसी प्रकार से नोटिस का जवाब दिया जिसके चलते रेरा द्वारा कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उक्त बिल्डर की प्रॉपर्टी की खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी है तथा बिल्डर के विरुद्ध भी प्रकरण तैयार किया गया है ताकि लापरवाही बरतने

पाठकों की मांग पर नवप्रदेश की बिल्डरों पर विशेष मुहिम

नवप्रदेश खबर का असर

बिल्डरों को लूट की छूट! आशियाने की चाह में डूब रही जीवन भर की जमा पूंजी

और भी बिल्डरों पर गिर सकती है गाज

पंडरी स्थित मर्लिन जयश्री विहार द्वारा बरती गई लापरवाही का खामियाजा राजधानी के और भी बिल्डरों को भुगतना पड़ सकता है रेरा द्वारा अब बेहद ही गंभीरता से

अन्य बिल्डरों के परियोजनाओं की भी सूची तैयार की जा रही है जो निर्धारित मापदंड के विपरीत कार्य कर रहे हैं। रेरा की इस कार्यवाही को लेकर राजधानी के प्रत्येक चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है

राजधानी में सुविधा के नाम पर लाखों रुपए के मकान बेचने वाले बिल्डरों की लापरवाही को लेकर नवप्रदेश लगातार अपने पाठकों की जानकारी पर समाचार प्रकाशित करता आ रहा है जिसके चलते शासन प्रशासन ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए बेलगाम बिल्डरों पर नकेल कसने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है जिसके बाद से नवप्रदेश के पाठक जहां राहत महसूस कर रहे हैं तो वही बिल्डरों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

बैंक भी नहीं करेंगे लोन पास

रेरा के नोटिस का जवाब ना देना बिल्डर को इस कदर भारी पड़ा कि संबंधित विभाग ने खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के साथ ही समस्त बैंकों को भी मर्लिन जयश्री विहार की प्रॉपर्टी पर लोन ना देने के लिए पत्र लिख दिया है जिसके बाद से ही स्थिति बनी हुई है उल्लेखनीय है कि राजधानी में लगातार बिल्डरों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठने लगे हैं एक और जहां जो प्रोजेक्ट पूर्ण हो चुके हैं तो वही निवासरत लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और जो प्रोजेक्ट वर्तमान समय में संचालित हैं वह शासकीय नियमों का धत्ता बता रहे हैं ऐसी स्थिति में बिल्डरों पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की सतत आवश्यकता है

राजनीतिक दबाव की चर्चा जोरों पर

रेरा द्वारा बिल्डर पर कार्यवाही किए जाने के बाद राजनीतिक दबाव की चर्चा की जोरों पर बनी हुई है तो वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुखिया ने स्पष्ट तौर पर नियम विपरीत कार्य करने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं इसके बाद से ही कुछ छुटभैया नेता चुप्पी साध चुके हैं जो लगातार इस मामले को लेकर रोटी सेकने में लगे हुए थे।

खेलों के राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का दबदबा, दो स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य समेत जीते 11 पदक

मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ की उपलब्धि पर खिलाड़ियों को दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ के पदक विजेता सहित प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। खेलों के इस राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ राज्य का दबदबा रहा। इसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक तथा 6 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक हासिल किए। गौरतलब है कि हरियाणा के पंचकुला में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ राज्य से 13 खेलों के 122 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे हमारा छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ''खेलबो......जीतबो..........गढ़बो ...नवा छत्तीसगढ़'' की परिकल्पना को साकार करने हर संभव पहल की जा रही है। जिससे प्रदेश का मान बढ़ाने वाले हर हुनरमंद खिलाड़ियों को कोई परेशानी न हो और वे अपनी प्रतिभा का अच्छा से अच्छा प्रदर्शन कर सके। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक वेटलिफ्टिंग में मिला। इनमें ज्ञानेश्वरी यादव ने 164 किलोग्राम वजन उठाकर अपने पुराने रिकार्ड को ब्रेक करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के राजा भारती ने कुल 211 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता है। इसी तरह मलखंभ में 1 और स्वर्ण पदक सरिता पोयाम को प्राप्त हुआ। मलखंभ में ही सरिता पोयाम ने एक कांस्य पदक, मोनू नेताम ने 2 रजत पदक तथा बालिका दल ने 1 कांस्य पदक और बालक दल ने 1 कांस्य पदक हासिल किया।

ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सप्ताह में 5,228 लोगों को मिला लाभ

डोर स्टेप पर दी गई स्वास्थ्य सेवा

रायपुर/नवप्रदेश। जन स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जिले में 6 जून से 11 जून तक ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सप्ताह का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के माध्यम से किया गया । इस दौरान टेलीमेडिसिन के माध्यम से 5,228 लोगों ने टेली कंसल्टेशन का लाभ लिया। इस ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन का उद्देश्य लोगों को उनके निकटतम दूरी पर ही चिकित्सकीय सेवा उपलब्ध करवाना था। ई-संजीवनी सुविधा के माध्यम से जरूरतमंद निकटतम हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में उपस्थित होकर जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से टेली कंसल्टेशन (ऑनलाइन परामर्श) का लाभ ले सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल ने कहा: जिले के 162 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ने सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज से ऑनलाइन जुड़कर टेली कंसल्टेशन का लाभ लिया। टेलीमेडिसिन द्वारा गर्भवती महिलाओं को परामर्श, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श, मानसिक रोग संबंधी परामर्श, मेडिसिन विशेषज्ञ द्वारा परामर्श, सामान्य बीमारियों हेतु परामर्श, शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श, दांत की बीमारियों के लिये परामर्श समेत अन्य कई प्रकार की बीमारियों का परामर्श विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारियों द्वारा दिया गया। साथ ही उन्हें आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई द्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मरीजों से अपील की है कि ग्रामीण अपने नजदीकी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पंजीयन कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं चिकित्सा अधिकारियों से परामर्श सेवा का लाभ एवं आवश्यक दवाइयां ले सकते हैं।

टेली कंसल्टेशन सप्ताह की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की जिला सलाहकार डॉ.सृष्टि यदु ने बताया: राज्य शासन के निर्देश पर 6 से 11 जून तक टेली कंसल्टेशन सप्ताह मनाया गया था। जिसमें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से जिले के 5,228 लोगों ने विषय विशेषज्ञों द्वारा टेली कंसल्टेशन की सुविधा प्राप्त की। स्थानीय सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से हुए नियमित प्रचार प्रसार से लोगों ने ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन कैंप के माध्यम से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचकर अपनी समस्याओं को विषय विशेषज्ञों के सामने रखा और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया।

टेलीमेडिसिन सप्ताह का आयोजन सफल

ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सप्ताह को सफल बनाने में सभी स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग रहा है। इसके अतिरिक्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष मेजरवार, विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के जिला सलाहकार, जिला डाटा सहायक, सचिवालय सहायक, विकासखंड स्तर से विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

देश का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ सफल

आखिरकार 105 घंटे बाद राहुल को बोरवेल से बाहर सकुशल निकाला गया

- जिला प्रशासन के नेतृत्व में टीम की सूझबूझ काम आई
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लेते रहे पल-पल का अपडेट और कलेक्टर को देते रहे निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। बोरवेल में फंसे राहुल को आखिरकार 105 घंटे रेस्क्यू के पश्चात सकुशल बाहर निकाल लिया गया। ऑपरेशन राहुल-हम होंगे कामयाब के साथ राहुल के बचाव के लिए लगभग 65 फीट नीचे गड्ढे में उतरी रेस्क्यू दल ने कड़ी मशक्कत के बाद राहुल को सुरक्षित बाहर निकाला। राहुल जैसे ही सुरंग से बाहर आया। उसने आँखे खोली और एक बार फिर दुनिया को देखा। यह क्षण सबके लिए खुशी का एक बड़ा पल था। पूरा इलाका राहुलमय हो गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बोरवेल में फंसे राहुल को सुरक्षित निकालने के लिए जिला प्रशासन को विशेष निर्देश दिए गए थे। आखिरकार देश के सबसे बड़े रेस्क्यू अभियान को कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला के नेतृत्व

विशेष कैमरे से हो रही थी निगरानी

विशेष कैमरे से पल-पल की निगरानी रखने के साथ ऑक्सीजन की सप्लाई भी की जा रही थी। आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और एम्बुलेंस भी तैनात किए गए थे। राज्य आपदा प्रबंधन टीम के अलावा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन (एनडीआरएफ) की टीम ओडिशा के कटक और भिलाई से आकर रेस्क्यू में जुटी थी। भारतीय सेना के कर्नल चिन्मय पारीक अपने टीम के साथ इस मिशन में जुटे थे। रेस्क्यू से बच्चे को सकुशल निकालने के लिए हर सम्भव कोशिश की गई।

ग्रीन कॉरीडोर बनाकर पहुंचाया अपोलो

मौके पर ही चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण की गई और बेहतर उपचार के लिए उसे ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अपोलो अस्पताल ले जाया गया। बहरहाल 104 से अधिक घंटे तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में राहुल साहू के जीवित बाहर निकाल लिए जाने से सभी ने राहत की सांस ली। पिता लाला साहू, माता गीता साहू सहित परिजनों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कलेक्टर, जिला प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और एनडीआरएफ, सेना, एसडीआरएफ सहित सभी का विशेष धन्यवाद दिया।

कलेक्टर सहित सभी अफसर दिन रात रहे मुस्तैद

राहुल के सलामती के लिए जहां दिन-रात पर दुआओं का दौर चला। वहीं घटनास्थल पर इस ऑपरेशन के पूरा होने तक कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित तमाम अफसर रात भर घटनास्थल पर रेस्क्यू पर निगरानी रखे हुए थे। लगभग 105 घंटे से अधिक समय तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में राहुल के सकुशल बाहर आने की घटना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं थी। कलेक्टर शुक्ला ने कहा कि बोरवेल में फंसे होने की वजह से बालक का रेस्क्यू बहुत ही आसान काम नहीं था। सभी की कोशिश थी कि उन्हें सुरक्षित निकाला जाए।

10 जून की दोपहर अचानक घटी घटना

जांजगीर-चाम्पा जिले के अंतर्गत मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम पिहरीद में 11 वर्षीय बालक राहुल साहू अपने घर के पास खुले हुए बोरवेल में गिरकर फंस गया था। 10 जून को दोपहर लगभग 2 बजे अचानक घटी इस घटना की खबर मिलते ही जिला प्रशासन की टीम कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में तैनात हो गई। समय रहते ही ऑक्सीजन की व्यवस्था कर बच्चे तक पहुंचाई गई। कैमरा लगाकर बच्चे की गतिविधियों पर नज़र रखने के साथ उनके परिजनों के माध्यम से बोरवेल में फंसे राहुल पर नजर रखने के साथ उनका मनोबल बढ़ाया जा रहा था। उसे जूस, केला और अन्य खाद्य सामग्रियां भी दी जा रही थी।

परिजनों की सहमति पर हर निर्णय

विपरीत परिस्थितियों के कारण जो भी संभव था वह फैसला एनडीआरएफऔर परिजनों के साथ मिलकर लिए गए। कलेक्टर ने इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए जिले के अधिकारियों सहित आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी स्थान पर बोरवेल को खुला न रखे। अपने छोटे बच्चों को ऐसे स्थानों पर कतई न जाने दें और स्वयं भी अपने बच्चों को निगरानी में रखे।

मुख्यमंत्री ने कहा था सकुशल आयेगा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जांजगीर में बोरवेल में गिरे बच्चे के लिए बेहद चिंतित रहे। यही वजह है कि वे लगातार रेस्क्यू का अपडेट लेते रहे। उन्होंने राहुल को सकुशल बाहर निकालने के निर्देश दिए थे। उन्होंने वीडियो कॉल कर राहुल के पिता और माता से भी बात की थी। उन्होंने राहुल को बाहर निकालने के लिए हरसंभव मदद का आवश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही राज्य स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्पूर्ण घटनाक्रम की निगरानी रखी जा रही थी।

चट्टानों से न हौसला डिगा न राहुल



बोरवेल में फंसे राहुल को बचाने के लिए रेस्क्यू दल ने हर बार कड़ी चुनातियों का सामना किया। राहुल के रेस्क्यू में बड़े-बड़े चट्टान बाधा बनकर रोड़ा अटकाते रहे, इस बीच रेस्क्यू टीम को हर बार अपना प्लान बदलने के साथ नई-नई चुनौतियों से जूझना पड़ा। मशीनें बदलनी पड़ी। 65 फीट नीचे गहराई में जाकर होरिजेंटल सुरंग तैयार करने और राहुल तक पहुंचने में सिर्फ चट्टानों की वजह से ही 4 दिन लग गए। रेस्क्यू टीम को भारी गर्मी और उमस के बीच झुककर, लेटकर टार्च की रोशनी में भी काम करना पड़ा। इसके बावजूद अभियान न तो खत्म हुआ और न ही जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे राहुल ने हार मानी।

मैनुअल क्रेन के माध्यम से निकालने की हुई कोशिश

देश के सबसे बड़े रेस्क्यू के पहले दिन 10 जून की रात में ही राहुल को मैनुअल क्रेन के माध्यम से रस्सी से बाहर लाने की कोशिश की गई। राहुल द्वारा रस्सी को पकड़ने जैसी कोई प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने के बाद परिजनों की सहमति और एनडीआरएफके निर्णय के पश्चात तय किया गया कि बोरवेल के किनारे तक खुदाई कर रेस्क्यू किया जाए। रात लगभग 12 बजे से पुनः अलग-अलग मशीनों से खुदाई प्रारंभ की गई। लगभग 60 फीट की खुदाई किए जाने के पश्चात पहले रास्ता तैयार किया गया। एनडीआरएफ और सेना के साथ जिला प्रशासन की टीम ने ड्रीलिंग करके बोरवेल तक पहुंचने सुरंग बनाया। सुरंग बनाने के दौरान कई बार मजबूत चट्टान आने से इस अभियान में बाधा आई। बिलासपुर से अधिक क्षमता वाली ड्रिलिंग मशीन मंगाए जाने के बाद बहुत ही एहतियात बरतते हुए काफी मशक्कत के साथ राहुल तक पहुंचा गया। आज सेना, एनडीआरएफ के जवानों द्वारा रेस्क्यू कर राहुल को बाहर निकाला गया।

में अंजाम दिया गया। सुरंग बनाने के रास्ते में बार-बार मजबूत चट्टान आ जाने से 4 दिन तक चले इस अभियान को रेस्क्यू दल ने अंजाम देकर मासूम राहुल को एक नई जिंदगी दी है। इस रेस्क्यू के सफल होने से देशभर में एक खुशी का माहौल बन गया। राहुल को बाहर निकाले जाने के बाद मौके पर मौजूद चिकित्सा दल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राहुल को तत्काल ही बेहतर उपचार के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अपोलो अस्पताल बिलासपुर भेजा गया। बहरहाल राहुल साहू के सकुशल बाहर निकाल लिए जाने से सभी ने राहत की सांस ली है।

न्यूज गैलरी

जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदाताओं को किया सम्मानित

भिलाई (नव प्रदेश)। सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रक्त के जीवन रक्षक उपहारों के लिए स्वैच्छिक, अवैतनिक रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए हर साल दुनिया भर के देश 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाते हैं। बीएसपी प्रबंधन अपने मुख्य चिकित्सालय जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के माध्यम से स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और रोगियों को दिए जाने वाले रक्त और रक्त उत्पादों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सबसे अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस वर्ष जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र ने स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए रक्तदान शिविर आयोजित करके विश्व रक्तदाता दिवस मनाया। स्वैच्छिक दान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक पोस्टर प्रदर्शनी और वर्षों से कई बार रक्तदान करने वाले स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का समापन 15 जून को किया गया।

यूपीआई सुविधा युक्त होगा सहकारी केन्द्रीय बैंक

दुर्ग (नव प्रदेश)। एनपीसीआई भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के खातेधारकों के लिए बैंक द्वारा यूपीआई की सुविधा प्रारंभ करने की स्वीकृति दी है। बैंक के लगभग 5 लाख बचत खातेधारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। खातेदारों को ''मोबाईल बैंकिंग'' के साथ-साथ यूपीआई सुविधा मिलने से शाखा में आहरण के लिए लंबे इंतजार से बचत होगी। खातेधारक अब अपने जिला सहकारी बैंक के एकाउन्ट से सीधे ऑनलाईन राशि ट्रांसफर के साथ-साथ बिल भुगतान जैसे, बिजली बिल, मोबाईल रिजार्च, डिश टीवी रिचार्ज, क्यू.आर.कोड स्कैन आदि महत्वपूर्ण कार्य अपने मोबाईल से कर सकेंगे। यूपीआई की सुविधा प्रारंभ होने पर अध्यक्ष श्री जवाहर वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास ने दुर्ग बैंक के सभी खातेधारको एवं किसानों को बधाई दी है एवं एवं ग्राहकों को सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने आग्रह किया है।

सरपंच के 1 व पंच के 6 पदों के लिए 28 को वोटिंग

दुर्ग (नव प्रदेश)। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 अंतर्गत जिले के जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत ग्राम पंचायत खेरधा में पंच पद के लिए वार्ड 19, ग्राम पंचायत ढाबा पंच पद के लिए वार्ड क्रमांक 05, ग्राम पंचायत चीचा में पंच पद के लिए वार्ड क्रमांक 05, ग्राम पंचायत पेण्ड्रीतराई में सरपंच पद के लिए मतदान 28 जून को प्रातः 7 से दोपहर 3 बजे तक कराया जायेगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत मटंग में पंच पद के लिए वार्ड क्रं. 02, ग्राम पंचायत औरी में पंच पद के लिए वार्ड क्रमांक 19 तथा ग्राम पंचायत लोहरसी में पंच पद के लिए वार्ड क्रमांक 14 के लिए मतदान दिनांक 28 जून को प्रातः 07.00 बजे से 3.00 बजे तक कराया जायेगा।

सीसीएम में लगा विशाल शिविर

दुर्ग (नव प्रदेश)। चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय, दुर्ग में एक जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ''चिरायु'' के अंतर्गत सफ लता पूर्वक संचालित किया गया। जिसमें डॉ. अजय चौरसिया (कार्डियोथोरेसिक सर्जन) एवं डॉ. तुषार मालेवार (निश्चेतना विशेषज्ञ) की विशेष उपस्थिति से मरीज लाभांवित हुए। इस शिविर में 131 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय, दुर्ग के अधिष्ठाता, डॉ. पी.के. पात्रा एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहर राव देशकर के नेतृत्व में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन गुप्ता, डॉ. राहुल ठाकुर, डॉ. चन्द्र प्रकाश साव, मेडिसिनरू डॉ. ज्योत्सना भारती, डॉ. अमरनाथ तारक, डॉ. मनीष यादव, सर्जरी रू डॉ. हर्षा रामटेके, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनम्रता शुक्ला, डॉ. प्रीतम राज कुर्रे, डॉ. सुकृति सिंह मौर्य, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. किरण चंद्र पंकज, डॉ. आकांक्षा तिवारी, पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. स्नेहा वर्मा, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा गंगेश्री डॉ. लाकेश कुमार साहू, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कलेन्द्री कुमार, डॉ. दीपिका रंगारे, डॉ. शिखा कश्यप ने अपना अभुतपूर्व योगदान दिया।

इसमें डॉ. जे.पी. मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग एवं नेहा राजपूत तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव व एस. एम. सी. हार्ट इस्टीट्यूट से डॉ. शेजु थॉमस ने भी अपनी उपस्थित दी।

अवैध प्लाटिंग हटाने पर अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही

निगम, राजस्व विभाग व टाउन एवं कंट्री प्लान की अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्यवाही

- एमआर ले आउट एवं डेव्लपर्स के विरूद्ध अवैध प्लाटिंग को लेकर लम्बे समय से प्राप्त हो रही थी शिकायत
- निगम द्वारा अवैध प्लाटिंग हटाने हेतु पूर्व में जारी की गई थी नोटिस

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग , राजस्व विभाग दुर्ग एवं टाउन एवं कंट्री प्लान दुर्ग द्वारा लंबे समय से कर रहे अवैध प्लाटिंग पर जे0सी0बी0 चलाकर अवैध निर्माण हटाने की कार्यवाही आज तड़के की गयी । निगम प्रशासन ने राजस्व विभाग दुर्ग एवं टाउन एवं कंट्री प्लान दुर्ग के साथ अवैध प्लाटिंग को हटाने की कार्य योजना तैयार की थी । निगम आयुक्त एवम एसडीएम ने अभियान के प्रारंभ में सुबह ही भवन अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, अतिक्रमण अधिकारी को अपने पूरे अमले के साथ निगम कार्यालय में उपस्थित होने हेतु आदेशित किया था । तद्उपरांत पूरा निगम का अमला सुबह 8:30 बजे निगम कार्यालय में उपस्थित हो गया था निगम आयुक्त एस0डी0एम0 एवं टाउन एवं कंट्री प्लान एवम पुलिस प्रशासन द्वारा सामंजस्य बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य की शुरूवात की गई । अवैध प्लाटिंग की कार्यवाही को आज सुबह इन अधिकारियों की मार्ग दर्शन में तहसीलदार, नगर निगम के भवन अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, अतिक्रमण प्रभारी के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से मोहन नगर थाना प्रभारी, एवं दुर्ग थाना प्रभारी पूरी टीम के साथ उपस्थित थे । महिला पुलिस बल भी मौके पर उपस्थित रही।

निगम आयुक्त के अनुसार लगभग पचास एकड़ जमीन में बाउण्ड्रीवाल व उनमें निर्माण मेन गेट तथा अंदर बने कई स्थानो में निर्माण हो चुके सड़के एवं कच्चे मकानों को जेसीबी के माध्यम से धराशाही किया गया, नगर निगम की टीम के साथ साथ राजस्व विभाग एवं टाउन एवं कंट्री प्लान की टीम के द्वारा पूरे जोश और मुस्तैदी के साथ अवैध प्लाटिंग हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। ज्ञात हो कि एम आर ले आउट डेव्लपर्स के विरूद्ध यह कार्यवाही की गई, उस फर्म के विरूद्ध अवैध प्लाटिंग न करने की चेतावनी देते हुए निगम प्रशासन ने पूर्व में तीन बार नोटिस जारी किया था उसके बावजूद भी उनके द्वारा अवैध प्लाटिंग को हटाने की कार्यवाही नही की जा रही थी तद्उपरांत यह कार्यवाही की गई ।

> **निगम आयुक्त के अनुसार लगभग पचास एकड़ जमीन में बाउण्ड्रीवाल व उनमें निर्माण मेन गेट तथा अंदर बने कई स्थानो में निर्माण हो चुके सड़के एवं कच्चे मकानों को जे0सी0बी0 के माध्यम से धराशाही किया गया, नगर निगम की टीम के साथ साथ राजस्व विभाग एवं टाउन एवं कंट्री प्लान की टीम के द्वारा पूरे जोश और मुस्तैदी के साथ अवैध प्लाटिंग हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया ।**

संयंत्र के प्लेटमिल में राजभाषा कार्यशाला संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में दिनांक 14 जून, 2022 को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन वेलफेयर बिल्डिंग क्रमांक 23 स्थित सभागार में राजभाषा विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (प्रचालन-प्लेट मिल) श्री एम के गोयल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री अंजली पिल्ले, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक-मिल्स) उपस्थित थीं।

कार्यशाला में श्री ओंकार सिंह चंद्राकर, प्रबंधक (विद्युत-प्लेट मिल) एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी, श्री जितेन्द्र दास मानिकपुरी, सहायक प्रबंधक (संपर्क व प्रशासन-राजभाषा), श्री सुखचंद, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी, श्री चंद्रशेखर, एसीओ, श्री बसंत कुमार प्रधान, मास्टर ऑपरेटिव, श्री हेमंत जंगम, चार्जमेन, श्री सज्जाद हुसैन, मास्टर प्रचालक (प्लेट मिल), श्री अश्वनी कुमार, सीनियर ओसीटी, सुश्री मीनू चौहान, अनुभाग अधिकारी, सुश्री श्यामल बैनर्जी, अनुभाग अधिकारी तथा अन्य विभागीय कर्मचारीगण उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों का स्वागत विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी व (विद्युत-प्लेट मिल) श्री ओंकार सिंह चंद्राकर ने किया। उन्होंने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि कोरोना महामारी के दौरान विभाग में राजभाषा की ऑफ्लाइन कार्यशाला नहीं हुई। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित प्रतियोगिताओं में विभागीय कार्मिकों की लगातार सक्रिय उपस्थिति रही। कोरोनाकाल के उपरान्त राजभाषा कार्यशाला का आयोजन हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए अत्यंत उपयोगी है।

कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान पर आधारित हिंदी भाषा में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर 06 प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया और पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार श्री भागीरथी ठाकुर, एसीटी, प्लेट मिल (विद्युत), द्वितीय पुरस्कार श्री जनकलाल साहू, एसीटी, प्लेट मिल (इलेक्ट्रिकल-प्लानिंग) तथा तृतीय पुरस्कार श्री शिव कुमार वर्मा, एसीटी, प्लेट मिल (मेकेनिकल-प्लानिंग) ने प्राप्त किया।

मानव तस्करी उन्मूलन के लिए आयोजित होगी कार्यशाला

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पूनर्वास से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग, मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पूनर्वास विषय पर जिला दुर्ग में एक कार्यशाला आयोजित किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के जिला संरक्षण अधिकारी, नवा बिहान के अधिकारी, मानव तस्करी रोकथाम पर कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता तथा जिले के पुलिस विभाग के जवाबदार अधिकारी कार्यशाला में उपस्थित हुए। इस कार्यशाला में आधुनिकीकरण, आर्थिक विकास, पलायन एवं अन्य नवीन परिदृश्य में मानव तस्करी विशेषकर महिलाओं के मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पूनर्वास विषय पर परिचर्चा की गयी तथा एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने पर विचार किया गया। मौजूदा कानून तथा नए लागू हुए कानून के क्रियान्वयन एवं प्रभाव तथा आवश्यक संशोधन पर भी परिचर्चा की गयी एवं कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य में मानव व्यापार विशेषकर महिलाओं के अनैतिक व्यापार की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। मानव व्यापार में सबसे अहम भूमिका प्लेसमेंट एजेंसियों की होती है, जो अच्छी नौकरी का प्रलोभन देकर मेट्रो सिटी में ले जाकर उनकी तस्करी करते है। प्रत्येक जिले में मानव व्यापार की रोकथाम हेतु निर्मित सेल की जानकारी दी गयी। साथ ही राज्य में विभिन्न शिविर के आयोजन के माध्यम से मानव तस्करी की रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पुनर्वास हेतु प्रचार-प्रसार एवं अन्य प्रयासो से अवगत कराया गया है ।

एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दुर्ग (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभाग में एनर्जी स्वराज यात्रा 2020-2030 के तहत टॉक ऑन एनर्जी एंड क्लाइमेट चेंज विषय पर भारत के सोलर मैन प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अपने स्वागत उद्बोधन में विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभाग के निदेशक डॉ. पीके घोष ने सोलर एनर्जी के व्यवहारिक उपयोग पर जोर दिया तथा ऑस्ट्रेलिया में ट्रैवलिंग बसों पर हो रही इसकी उपयोगिता का उदाहरण दिया। उसके बाद मुख्य वक्ता प्रोफेसर सोलंकी ने अपने टॉक की शुरुआत पर्यावरण परिवर्तन कल-आज-और-कल के साथ की और इसमें उन्होंने मैं शब्द की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने प्रकृति और उसमें मनुष्यों द्वारा लगातार कार्बन उत्सर्जन के गंभीर परिणामों पर विस्तार से चर्चा की।

तालाब के चार दशक पुराने पानी को खाली कर भरा जाएगा नया पानी

बारिश में गांधी चैक के आसपास रहने वालों को मिलेगी राहत

रिसाली। समस्याओं का जायजा लेने नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन बुधवार को गांधी चैक वार्ड 2 पहुंचे। उन्होंने विशेष गैंग लगाकर लगातार 4 दिनों तक नाला सफाई करने निर्देश दिए। दरअसल बारिश के दिनों में यहां का नजारा टापू के सामान होता है।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा बस्ती नीचे बसा हुआ है। नाला में बारिश का पानी पूर्ण रूप से निकल जाए यह संभव नहीं, लेकिन अगर कच्ची नाली के माध्यम से पानी नाला तक पहुंच जाए तो नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने नाला की सफ ाई विशेष गैंग लगाकर आज से सफाई करने निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रूआबांधा उत्तर के गांधी चैक के निकट बारिश का पानी भर जाता है। लगभग 50 घरों में पानी प्रवेश कर जाता हैं तेज बारिश होने पर लगभग 200 लोगों को रतजगा करना पड़ता है। आयुक्त ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष स्थिति निर्मित न हो इसलिए तत्काल सफ ाई कार्य शुरू करने निर्देश दिए है।

खुद निकलवाया मलबा

मॉर्निंग विजिट के दौरान वार्ड 2 की नाली बजबजाती दिखी। इस पर आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों को मौके पर बुलवाया और अपनी उपस्थिति में नाली से मलबा निकलवाया उन्होंने सफाई कर्मचारियों को नियमित नाली सफाई करने निर्देश दिए है। रूआबांधा बस्ती के लिए एक मात्र निस्तारी तालाब को सहेजने कवायद शुरू कर दी गई है। लगभग 4 दशक से भरे पानी को खाली किया जा रहा है, ताकि बारिश में तालाब भरा जा सके तालाब का पानी उपयोग के लायक नहीं है। पानी से दुर्गन्ध उठने लगा है। आयुक्त ने कहा कि पानी भरने तालाब किनारे लगे बोर को भी शुरू किया जाएगा। पानी के बदलने से लोगों को गंदा पानी से मुक्ति मिलेगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-2/ 2020/21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सुजन्ती साहू पति श्री सीमा साहू निवासी जोन-2 वार्ड नं. 26 भिलाई चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर जंजगिरी प.ह.न. 49 में स्थित भूमि खसरा नंबर 600/79 रकबा 0.020 हें/ 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री अंगद यादव अन्य-1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202206100400151

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अंगद यादव पिता लाल बिहारी यादव अन्य-01 निवासी खानपुर भगतपट्टी सरदाहा आजमगढ़ उत्तर प्रदेश, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	43/19	0.013 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202206100600093

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रविन्द्र सिंह चावला पिता एस.एम.चावला साकिन सिविल लाइन रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कुगदा प.ह.न. 03 रा.नि.मं. भिलाई-3 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 63/22 रकबा 0.088 हें/ 9660 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 06/06/2022 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26/5/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री गजेन्द्रराम चंदेल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202206100400160

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री गजेन्द्र राम चंदेल धनाराम चंदेल निवासी 223 वार्ड नं. 07 राज किराना स्टोर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	44/23	0.007 हें 840 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202204100700164//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पॉली बाऊरी ध.प. आशीष उर्फ अशोक बाउरी निवासी सी. मार्केट क्वा.नं. 25/सी. मरोदा से. भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 648/5 का रकबा 2591 वर्गफीट हे. भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक 12/5/2016 के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है। आवेदक क्रेता प्रशांत कुमार वर्मा आ. भगवती प्रसाद वर्मा के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 17/6/22 को नियत है। अतः आप नियत सुनवाई दिनांक का न्यायलय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा पेश कर सकते है। बाद में आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 9/6/22 में मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- /अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार अग्रवाल आ. शिवकुमार अग्रवाल साकिन नेहरू नगर भिलाई द्वारा ग्राम खेलीडीह प.ह.नं. रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 422 रकबा 0.34 हे. को पंजीकृत बैनामा क्रय किया है जिसका नामांतरण बाद ऋण पुस्तिका प्राप्त हो चुका है, किंतु त्रुटिवश वर्तमान अभिलेख में विक्रेता के नाम पर पुनः दर्ज हो गया है, सुधार करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि वादभूमि का अभिलेख सुधार किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22/6/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 6/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202205103300096/अ-06/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशील कुमार पिता/पति स्व. गणेश प्रसाद निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 252/126 का टु. रकबा 2400 वर्गफुट आवेदक के पिता गणेश प्रसाद के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 18/7/2019 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20/6/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202206103300033//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोहर आ. स्व. कांशीराम निवासी वार्ड नं. 05 मरार पारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग-2 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 408/2 रकबा 0.1500 हे. भूमि आवेदक एवं अन्य सहखातेदारगण के नाम पर वर्तमान पटवारी अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की माता श्रीमती मेहतरीन पति स्व. कांशीराम सहखातेदार का स्वर्गवास दिनांक 15/11/2011 को हो चुका है। आवेदक द्वारा फौती नामांतरण करने हेतु आवेदन मय मृत्यु प्रमाण पत्र एवं बी-1 की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर साव लाहीरी आ. स्व. विजय कुमार साव साकिन शक्ति नगर कालोनी हावड़ा द्वारा ग्राम अरसी प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1052, 1083, 1087 रकबा 0.14, 0.23, 0.80 हे. शामिलात खाता में शंकर साव लाहिरी पिता स्व. विजय कुमार अन्य 02 के नम पर दर्ज है का संहिता की धारा 178 के तहत खाता विभाजन किए जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतएव खाता विभाजन किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रेता ललित कुमार ध्रुव पिता बरातूराम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी 21/ई, वार्ड नं. 32 ए.बी.डी. सेक्टर-11 जोन-2 खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उमरपोटी प.ह.न 42 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 812/7 रकबा 0.010 हे. (1368 वर्गफीट) लगान खाता अनुसार भूमि विक्रेता मिलन सिंह मंडावी पिता कंवल सिंह जाति गोड़ निवासी क्वा. नं. 22एफ सड़क-27 सेक्टर 04 भिलाई तह. व जिला दुर्ग रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18/5/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं प्रभुलाल चौधरी पिता श्री बैजनाथ चौधरी उम्र 58 वर्ष निवासी क्वा. नं. 6/बी सड़क-10 सेक्टर-1 भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र में मास्टर टेक्निशियन के पद पर कोक ओवन एवं सी.सी.डी. में कार्यरत् हूं मेरा पर्सनल नं. 149561 है। जिसमें मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम प्रभुलाल (PRABHU-LAL) लिखा हुआ है। मेरे स्वयं के नाम पर बना आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम प्रभुलाल चौधरी (PRAB-HULAL CHOUDHARY) दर्ज है तथा उसी नाम से जाना जाता हूं। प्रभलाल चौधरी एवं प्रभुलाल दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही व्यक्ति हूं। यह शपथपत्र अपने नाम सुधार कराने अर्थात प्रभुलाल चौधरी (PRABHULAL CHOUD-HARY) सही नाम करने के लिए छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन के लिए सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

मुहर — शपथकर्ता, प्रभुलाल चौधरी

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202204103900004/202204103900004

विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

अमलेवर प.ह.न. 00005

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / सुमित्रा बाई अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रमा अमलेश्वर प.ह.नं. 05 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका सुमित्रा बाई पति परसराम निवासी ग्राम चुनाभट्ठी गुढ़ियारी रायपुर द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 05 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज क्रयशुदा भूमि ख.नं. 1029/2 का टु. रकबा 1650 वर्गफीट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 15/3/2010 से क्रय कर नामांतरण क्रमांक 795 में आदेश दिनांक 20/7/2010 के आधार पर अपने नाम पर दर्ज है। परंतु मूल ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं होने से मूल ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदिका सुमित्रा बाई पति परसराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधा पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 13/5/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/4/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदिका कमल नारायण आ. कृष्ण कुमार निवासी कातरो तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातरो तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक ...... में दर्ज भूमि खसरा नं. 145, 151/2, 276, 332/2, 640, 678 रकबा 1.0200, 0.2500, 0.4000, 0.4700, 0.050, 0.0400 हे. कुल 2.2300 भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका अगमदास अन्य के नाम पर शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर सामान हिस्सों में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 31/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202206100400035

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भोजराम यादव आ. इतवारी यादव निवासी पोटियाकला के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 758/26 रकबा 0.0140 हें/ 1579 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202206101500030//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम घुघवा प.ह.नं. 06 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदन अजय चंद्रवंशी आ. स्व. रामाधार निवासी कबीरनगर रायपुर द्वारा मौजा ग्राम घुघवा प.ह.नं. 06 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने पिता रामाधार वल्द जयचंद के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नं. 243 रकबा 0.10 हे. दर्ज भूमिस्वामी रामाधार पिता जयचंद का दिनांक 19/9/1999 को फौत हो जाने से सभी वैध वारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदक अजय चंद्रवंशी आ. स्व. रामाधार निवासी कबीरनगर रायपुर द्वार प्रस्तुत आवेदन उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202206100400034

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती नम्रत झा पति सुयश कुमार झा निवासी सुभाष नगर दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 132/24 रकबा 0.0153 हें/ 1650 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

'मिशन क्लीन' बदलेगी तांदुला नदी की तस्वीर व तकदीर

कलेक्टर ने कहा -18 जून से शुरू कराया जाएगा वृहद सफाई अभियान

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे जिला मुख्यालय के समीप स्थित तांदुला नदी पहुंचे। उन्होंने नदी में फैले जलकुंभियों व खरपतवार का अवलोकन किया और 18 जून 2022 से वृहद सफाई अभियान शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने नदी की सफाई हेतु बनाए गए कार्ययोजना के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने सफाई अभियान हेतु आवश्यक संसाधनों के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर ने बताया कि जिले की जीवनदायिनी तांदुला नदी जो

कि बालोद शहर के समीप बहती है। जिसके किनारे के अवैध कब्जों एवं नदी में शहर के सीवेज वाटर को प्रदूषित जलप्रवाह होने तथा हीरापुर एनीकट तक फैले जलकुंभी से पट जाने के कारण इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु जन सहयोग के माध्यम से ''मिशन क्लीन तांदुला'' जन अभियान का प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अवैध कब्जों को हटाया जाना, नदी के जलकुंभी एवं गाद की सफाई तथा वृक्षारोपण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य प्रस्तावित है। कलेक्टर ने बताया कि ''मिशन क्लीन तांदुला'' के प्रथम चरण में हीरापुर एनीकट के समस्त जल द्वारा को खोलकर पानी निकासी किए जाने का कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से प्रारंभ कर दिया गया है।

जनसहयोग से चलाया जाएगा अभियान

जनसहयोग तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से इस कार्य में शनिवार 18 जून 2022 से राजस्व अमले द्वारा सीमांकन कर अवैध कब्जे से मुक्त किए जाने का कार्य, नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा साफ-सफाई एवं शहर की प्रदूषित सीवेज वाटर को व्यवस्थापित करने का कार्य एवं जल संसाधन विभाग की देखरेख में जन सहयोग तथा भिलाई इस्पात संयंत्र दल्लीराजहरा के सौजन्य से एवं स्वेच्छापूर्वक स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा भी नदी के भीतर की सफाई, जलकुंभी हटाने एवं गाद निकाले जाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

कबीर साहेब के प्रकट उत्सव में शामिल हुए मंत्री अकबर

भेदभाव और कुरीतियों को नहीं मानता कबीरपंथ

कवर्धा/नवप्रदेश। वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा कवर्धा के वीर सावरकर भवन में आयोजित कबीर प्रकट उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने समाज को कंबीर प्रकट उत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने के दिशा में आज भी कबीर पंथ विचार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कबीर का संदेश आज भी प्रासंगिक है। स्थानीय विधायक अकबर के आगमन पर समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। समाज के पदाधिकारियों ने समाज की विशेषताएं एवं उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही मंत्री के सामने समाज के उत्थान के लिए आवश्यक मांगे रखी। साहेब बंदगी साहेब की उद्गार से कैबिनेट मंत्री अकबर ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कबीरपंथ ही एक ऐसा पंथ है, जिसे सभी जाति-धर्म के लोग मानते हैं। मध्यकालीन समय में कबीर साहेब ऐसे संत हुए जिन्होंने बाह्य आडंबर और समाजिक कुरीतियों पर चोट किया। वे रूढ़िवाद के खिलाफ थे और धार्मिक ढकोसलों से दूरी बना करके रखी। देश में जिस प्रकार से वातावरण है ऐसे में कबीरपंथ की हमें आवश्यकता है। श्री अकबर ने समाज के मांगां को पूरा करते हुए कबीर कुटी में एक कीचन सेट, एक शौचालय तथा बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की।

कबीर के दोहे सार्वजनिक जीवन में प्रासंगिक

मंत्री ने कहा कबीर साहेब का एक दोहा सार्वजनिक जीवन में भी प्रासंगिक है। कबीर साहेब ने कहा है कि निंदक नियरे राखिए आंगन कुटी छवाय अर्थात सार्वजनिक जीवन में अपनी खुद की प्रंशसा करने वाले तो सब रहते हैं, लेकिन आलोचना करने वाले बहुत कम रहते हैं। हमें आलोचना करने वालों को भी साथ रखना चाहिए, ताकि समाज की वस्तुस्थिति और स्वयं की बुराई पता चल सके। ताकि हम स्वयं में सुधार हो सके। उन्होंने समाज की ओर से की गई मांग, जिसमें कबीर कुटी में एक कीचन सेट, एक शौचालय तथा बाउंड्री वॉल की मांग को तत्काल स्वीकृत किया।

कार्यक्रम में ये रहे शामिल

कार्यक्रम को नपा अध्यक्ष ऋषि शर्मा एवं जिला अध्यक्ष नरेंद्र दास मानिकपुरी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शोध पीठ के अध्यक्ष एनडी मानिकपुरी, नपा उपाध्यक्ष जमील खान, मोहम्मद कलीम, समाज के जिला उपाध्यक्ष लखन दास मानिकपुरी, रतन दास मानिकपुरी व रामदास मानिकपुरी, संरक्षक लखनदास मानिकपुरी, धीरजदास मानिकपुरी, जेठूदास मानिकपुरी, ब्लॉक अध्यक्ष देवदास मानिकपुरी, नगर अध्यक्ष दीपकदास मानिकपुरी, नगर उपाध्यक्ष सुरेशदास मानिकपुरी, सचिव गोकुलदास मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष मुरलीदास मानिकपुरी, सचिव सचिनदास मानिकपुरी, मीडिया प्रभारी सूरज दास, मानिकपुरी राजूदास मानिकपुरी, हरणदास मानिकपुरी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

विधायक की अनुशंसा पर 1 करोड़ 3 लाख 75 हजार के कार्य स्वीकृत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ विधायक एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण भुनेश्वर बघेल ने अपने प्राधिकरण से विधानसभा क्षेत्र में 1 करोड़ 3 लाख 75 हजार के कार्य स्वीकृत कराए गए हैं। विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश साहू ने बताया कि विधायक बघेल ने अनुसूचित जाति प्राधिकरण से लाखों के कार्य स्वीकृति कराए जिसमें उनके विधानसभा के विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत छिपा नाली निर्माण राकिशुन घर से बाबू राव जांगड़े घर तक 4 लाख, ग्राम पंचायत बेलगांव सीसी रोड निर्माण अ.जा. वार्ड 3 और 4 में 5 लाख, ग्राम कटली ग्राम पंचायत भैसरा मंच निर्माण वार्ड नंबर 12 में 2 लाख, ग्राम पंचायत देवकट्टा जैतखाम निर्माण 2 लाख, ग्राम पंचायत मोहारा सतनाम भवन में अतरिक्त कक्ष निर्माण 6.50 लाख, ग्राम पंचायत करवारी बाउंड्रीवाल अम्बेड़कर भवन समेत अन्य कार्य स्वीकृत किए गए है। जिस पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

महिला के साथ छेड़छाड़, आरोपी चंद घंटे के अंदर गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। थाना बसंतपुर में राजनांदगांव निवासी द्वारा लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया कि 13 जून को ग्राम सुरगी निवासी द्वारा प्रार्थिया के पति के काम पर जाने के बाद मोबाईल नंबर मांगने के बहाने उसके घर अंदर घुसकर उसे बेईज्जत करने की नियत से उसके साथ छेड़छाड़ किया है के संबंध में शिकायत दिये जाने पर तत्काल थाना बसंतपुर में अपराध दर्ज विवेचना में लिया जाकर जाकर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सनत सोनवानी के नेतृत्व में बसंतपुर पुलिस टीम द्वारा आरोपी कमलेश उर्फ कमल साहू के निवास पर दबिश दिया जाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसे 13 जून 22 को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

बारिश के दिनों में मछली पकड़ने पर लगा प्रतिबंध

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2022 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। मत्स्य पालन विभाग बेमेतरा से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के साथ जिले के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किए गए है, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त 2022 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाबों या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, में लागू नहीं होंगे।

गांवों के विकास के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना पहली प्राथमिकता : विधायक साहू

विधायक ने अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर विधायक छन्नी चंदू साहू ने विकासकार्यों की नींव रखी। उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर भूमिपूजन किया। ग्रामीणों द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रमों को जनप्रतिनिधियों सहित आमजन की बड़ी उपस्थिति रही। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा कई निर्माण कार्यों की सहमति और स्वीकृति दी गई है। इसी तरह विधायक निधि से भी गांवों में भवन, नाली व अन्य निर्माण हो रहे हैं। विधायक मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम ग्राम नादिया खुर्द पहुंचीं थी। यहां पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। विधायक ने यहां 8 लाख की लागत के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, आपकी आवश्यकता मेरी प्राथमिकता है। गांव के विकास के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। ग्राम धरमूटोला के उत्साहित ग्रामीणों ने फूल मालाओं से विधायक का स्वागत किया। वे यहां 6.5 लाख की लागत के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन के लिए पहुंची थी। पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य आरंभ किया गया। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। इसके बाद विधायक ग्राम आलीवारा पहुंचीं। विधायक ने यहां ग्रामीणों से काफी देर तक चर्चा की।

कबीरधाम जिले में 7.9 मिलीमीटर औसत वर्षा

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में एक जून से 15 जून तक 7.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर लोहारा तहसील में 16.8 मिलीमीटर, कवर्धा तहसील में 22.2 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 13.6 मिलीमीटर और बोड़ला तहसील में 21.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। विगत 14 जून को पिछले चौबीस घंटे में जिले में 39.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है, इसमें कवर्धा तहसील 5.2 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 10.7 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा में 10 मिलीमीटर, पंडरिया में 13.6 मिलीमीटर और वर्षा दर्ज की गई है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती रमा मुन्नी पाण्डेय | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202205100400028

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रमा मुन्नी पाण्डे पति श्री बी.एम. पाण्डे निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 तह. व जिला दुर्ग	139/84 139/85	0.040 हें. 0.005 हे.	व्यवसायिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/05/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202205100900049/202205100900049
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

महकाकला प.ह.न. 00025 (48/138 (0.0200 हे.))
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / युवीका यादव अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम महाकाकला प.ह.न 25 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका युवीका यादव पिता भरत यादव निवासी ग्राम राउत पारा जगदलपुर जिला बस्तर द्वारा ग्राम महकाकला ह.नं.-5 तह. पाटन जिला दुर्ग अपने नाम दर्ज भूमि ख.नं. 48/138 रकबा 0.02 हे. को आवेदक के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत दानपत्र दिनांक 28/3/2022 के आधार पर आवेदित भूमि अपने नाम नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका युवीका यादव पिता भरत यादव द्वारा पंजीकृत दानपत्र से उपरोक्त दर्शित दानप्राप्त भूमि दान प्राप्तकर्ता (आवेदक) के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 27/5/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/05/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202206100400176

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती पुष्पा उमरे पति श्रेष्ठ कुमार उमरे निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 723/6 रकबा 0.020 हें/ 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 108//अ-20(1)/ वर्ष 2020 -21

आवेदक राजेश साव पिता भोला लाल निवासी जवाहर चौक दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित मोहल्ला जवाहर चौक नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 डी भूखण्ड क्रमांक 153 क्षेत्रफल 452.00 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर भूमिस्वामी अधिकार में स्थायी पट्टे में मांग की गई। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय माहनदी भवन, मंत्रालय रायपुर के पत्र क्र. एफ 04-07/ 7-1/ 2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/पट्टेदार आवेदिका द्वारा शासन की शर्तो के अनुरूप उक्त भूखण्ड का भूमि स्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 23/6/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र 108//अ-20(1)/ वर्ष 2020 -21

आवेदक पुष्पा अग्रवाल ध.प. स्व. विनोद कुमार अग्रवाल निवासी बनिया पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित मोहल्ला बनिया पारा नजूल भूमि शीट क्रमांक 285 भूखण्ड क्रमांक 224/2 क्षेत्रफल 86.00 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर भूमिस्वामी अधिकार में स्थायी पट्टे में मांग की गई। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय माहनदी भवन, मंत्रालय रायपुर के पत्र क्र. एफ 04-07/ 7-1/ 2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/पट्टेदार आवेदिका द्वारा शासन की शर्तो के अनुरूप उक्त भूखण्ड का भूमि स्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 23/6/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एलआईजी-521, मो. रफीक मेमन पिता मोहम्मद हुसैन के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। उक्त आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 09.05.2011 पंजीकृत कराने उपरांत उक्त भवन की पूर्ण राशि जमा कर पत्र क्रमांक 3409 दिनांक 18.07.2012 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर वर्तमान में आबंटी मो. रफीक मेमन पिता मोहम्मद हुसैन, निवासी-दीनदयाल काम्प्लेक्स, कोरबा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती सावित्री सिंह पति श्री शिव बहादुर सिंह निवासी- एलआईजी-519, धनसुली हाउसिंग बोर्ड कालोनी रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय से संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय/ वित्तीय बैंक इत्यादि को उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिहो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 86/2022-23
वार्ड का नाम- गुरू घासीदास-49

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू घासीदास-49 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 49/भू.क्र. 05 जो कि निगम अभिलेख में श्री सतपाल सिंह होरा s/o स्व. सरदार जोगिन्दर सिंह होरा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सतबीर सिंह खुराना s/o महेन्द्र सिंह खुराना ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

FORM NO. IV
(See Sub-rule 2(a) of Rule 5)
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL AT JABALPUR
797-II, Shantikunj, South Civil Lines, Jabalpur (M.P.) 482001

O. A. No. 197 OF 2019

PUNJAB NATIONAL BANK — Applicant (s)
VERSUS
M/s. JAI SHARDA MAA GUD UDYOG & Others — Defendants (s)

1. **M/s. Jai Sharda Maa Gud Udyog.** A Proprietorship Concern, through its Proprietors **Smt. Sukriti Pandey, Wife of Shri Nilamber Pandey**, Village- Basni and Post- Kolegoan, District- Kabirdham (C.G.)
2. **Smt. Sukriti Pandey, Wife of Shri Nilamber Pandey,** Proprietors of **M/s. Jai Sharda Maa Gud Udyog**, Village- Basni and Post- Kolegoan, District- Kabirdham (C.G.)

Whereas **OA No. 197/19** was listed before Hon'ble Presiding Officer on **28/02/2019** Whereas, this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under Section **19(4)** of the Act, (OA) filed against you for recovery debts of **Rs. 15,99,521/-** (application alongwith copies of documents etc. annexed).

In accordance with Sub-Section 04 of section 19 of the Act, you the defendants are directed as under:-

i. To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
ii. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application.
iii. You are restrained from dealing with or disposing of secured assets of such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application of the attachment for properties.
iv. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created and/or other assets and properties specified or disclosed under Serial No. 3A of the original application without the prior approval of the tribunal.
v. You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the Written stated with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **01.08.2022 at 10:30 am** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and seal of the Tribunal, This 2nd day of **June, 2022**.

Registrar
DRT, Jabalpur

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत डुमरतराई रायपुर में स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट क्र. 92, ब्लाक-6, द्वितीय तल, श्री पुरूषोत्तम लाल साहू पिता श्री खोलबाहरा साहू के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. 1423 दिनांक 25.03.2013 द्वारा आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 17.10.2013 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 23.02.2021 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त फ्लैट को क्रेता श्री आयुष शुक्ला पिता श्री संतोष शुक्ला निवासी-वार्ड क्र.-4 ग्राम छुरा, तहसील छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 03.06.2022 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री आयुष शुक्ला पिता श्री संतोष शुक्ला द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त फ्लैट के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र.-94/2022-23
वार्ड का नाम- स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी विवेकानंद सदर बाजार-45 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 45/342 का भाग जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती जयंती देवी पति अशोक कुमार सोनी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती प्रियंका बैद पति विजय बैद ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 85/2022-23
वार्ड का नाम- रविन्द्रनाथ टैगोर-55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर-55 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 55/प्रयाग विहार क-83 जो कि निगम अभिलेख में श्री शेख मकसूद s/o स्व. शेख अब्दुल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती साजिदा परवीन s/o स्व. शेख मकसूद ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़
eegar-phe.cg@nic.in

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु प्रपत्र ''ए'' में निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में रेट्रोफिटिंग/ एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजनाओं का कार्य।

नि.सू.क्र./दिनांक	सिस्टम क्र.	ग्राम/वि.खं.	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
403/13.06.2022	102439	मोहन्दा रेट्रो./ गरियाबंद	83.63
404/13.06.2022	102440	बेन्दकुरा रेट्रो./ गरियाबंद	68.28
405/13.06.2022	102441	छिन्दौला रेट्रो./ गरियाबंद	51.42
406/13.06.2022	102442	सढ़ौली रेट्रो./ गरियाबंद	61.24
407/13.06.2022	102443	घटौद रेट्रो./ गरियाबंद	60.33
408/13.06.2022	102444	बेहराबुड़ा रेट्रो./ गरियाबंद	60.00
409/13.06.2022	102445	जंगलधवलपुर रेट्रो./ गरियाबंद	57.21
410/13.06.2022	102446	मैनपुर रेट्रो./ गरियाबंद	55.03
411/13.06.2022	102448	मालगांव रेट्रो./ गरियाबंद	74.76
412/13.06.2022	102450	सड़कपरसुली रेट्रो./ गरियाबंद	68.65
413/13.06.2022	102451	चलनापदर रेट्रो./ मैनपुर	59.88
414/13.06.2022	102452	ढोलसरई रेट्रो./ मैनपुर	51.06
415/13.06.2022	102453	जिडार रेट्रो./ मैनपुर	125.40
416/13.06.2022	102454	कोचवाय रेट्रो./ गरियाबंद	100.15
417/13.06.2022	102455	नागाबुड़ा रेट्रो./ गरियाबंद	94.31
418/13.06.2022	102456	आमदी रेट्रो./ गरियाबंद	63.75

नोट :- उपरोक्त कार्यों की निविदा हेतु बिड सबमिशन दिनांक 18.06.2022 तक बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 04.07.2022 है।

जी-92154/5

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
गरियाबंद (छ.ग.)

शिशु मंदिर में लगेगा पांच दिवसीय योग शिविर

नवागढ़/नवप्रदेश। धर्म सभा नवागढ़ नगर के तत्वाधान में विश्व योग दिवस के अवसर पर आगामी 17 जून से 21 जून तक पंच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस योग शिविर में योग शिक्षक के रूप में भरत साहू, मिलाप साहू एवं दिलीप जायसवाल योग और प्राणायाम की प्रशिक्षण देंगे। यह कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 5 से 7 तक सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जावेगा। धर्म सभा नवागढ़ नगर के सदस्यों ने कहा कि आज योग का महत्व सारे विश्व को विदित है कि नियमित योग करने से मारा तन मन स्वस्थ होता है। इसी कामना को लेकर हम नगर के समस्त नागरिकों से आह्वान करते है कि इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ उठावें।

एक्सीडेंट कर फरार हुई गाड़ी को सीसीटीवी फुटेज से पकड़ा

राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी भापुसे मयंक गुर्जर के नेतृत्व में यह पहला मौका है जब फरियादी के पहुंचने ही पुलिस ने कार्यवाही कर दी। मंगलवार को हुए वाहन दुर्घटना में हिट एंड रन मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र की गाड़ी को डोंगरगांव थाने में त्रिनेत्रम अभियान में लगाए गए सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पकड़ा लिया है। घटना दोपहर साढ़े 12 बजे की है। जब राजनांदगांव निवासी हरीश मेश्राम पिता हेमराज मेश्राम 55 वर्ष अपने मोपेड से सीजी 08-एनबी 8333 से डोंगरगांव से राजनांदगांव जा रहे थे कि तभी पीछे से आ रहे मालवाहक एमएच 29-बीई 5087 के चालक ने ठोकर मार कर फरार हो गया। घटना में पीड़ित को सिर में गंभीर चोटें आई, जहां उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के उपरांत रिफर करने की खबर है।

धान के समर्थन मूल्य में 100 रुपए की बढ़ोतरी सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है : पवन

कवर्धा/नवप्रदेश। एक दिवसीय दौरे पर किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री पवन साहू भाजपा कार्यलय पहुंचे। जहां उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा अनिल सिंह और जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर प्रेस वार्ता में शामिल रहे। पवन साहू किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री कवर्धा जिला किसान मोर्चा प्रभारी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 2022-23 के लिए धन समेत अनेक खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी की गयी है। केंद्र सरकार के आर्थिक मामलो की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिए गए इस फैसले से देश और खासकर छत्तीसगढ़ के किसानों में हर्ष का वातावरण निर्मित हुआ है। धान का समर्थन मूल्य में वृद्धि कर 1940 से 2040 रुपये प्रति क्विंटल किया जाना केंद्र सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले 8 साल से किसानों के हित में अनेक फैसले लिए गए है जिसका लाभ देश तथा छत्तीसगढ़ के किसानों तक सीधा पहुंचा है। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद पिछले तीन सालों में धान का समर्थन मूल्य लगभग तीन सौ रूपये बढ़ा है लेकिन छग में भूपेश बघेल सरकार द्वारा इस बढ़ोत्तरी से किसानों को वंचित करने का कार्य किया जा रहा। ठीक उसी तरह जैसे मोदी जी द्वारा भेजे गए 5 किलो प्रति व्यक्ति के अतिरिक्त राशन से वंचित किया गया। इस मस्य के अलावा छोटे किसानो को भाजपा की मोदी सरकार 6 हजार रूपये प्रति वर्ष किसान सम्मान निधि के तौर पर अतिरिक्त देती है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्राकर ने बताया कि कवर्धा एवं सूरजपुर जिले समेत कई जिलो के शक्कर कारखानों के भुगतान की राशि किसानों को राज्य सरकार द्वारा अभी तक नहीं दिया गया है। पिछले साल के बोरा का पैसा भी किसानों को नहीं मिला है। रकबा काटने के चलते प्रदेश के कई किसानों ने आत्महत्या किया जिसे प्रशासनिक थूक बताया गया लेकिन मृतक किसान के परिवार को एक रूपये भी मुआवजा नहीं दिया गया।

विश्व रक्तदाता दिवस पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डोमन सिंह के निर्देश पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को रक्तदान हेतु जिला अस्पताल बलौदा बाजार में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 13 लोगों ने 13 यूनिट रक्तदान किया। सीएचएमओ डॉ एमपी महिस्वर ने बताया पुरुष अथवा महिला जिनकी आयु 18 से 65 वर्ष के बीच है तथा जिनका वजन 45 किलो या इससे अधिक हो साथ ही हिमोग्लोबिन कम से कम 12.5 ग्राम प्रति 100 मिली हो वह रक्तदान कर सकते हैं। इस मौके पर रक्तदान के संबंध में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ राजेश अवस्थी के कहा कि रक्तदान एक बड़ी समाज सेवा है। एक पुरुष अथवा महिला के रक्तदान करने चार मरीजों की जान बचाई जा सकती है। वर्ष में कोई स्वस्थ व्यक्ति चार बार रक्तदान कर सकता है। हमारे शरीर में लगभग 5 लीटर रक्त होता है तथा एक समय में मात्र 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। रक्तदान करने से कोई भी शारीरिक कमजोरी नहीं आती बल्कि हमारा शरीर पुनः रक्त बना लेता है। रक्त की आवश्यकता सिकल सेल एनीमिया थैलेसीमिया हिमोफ ीलिया दुर्घटनाओं में तथा अन्य बीमारियों के मरीजों को होती हैं।

प्रथम पेज का शेष

दिल्ली से लौटकर सीधे ...

ये सब मेरे लिये साक्षात भगवान हैं : अस्पताल में राहुल की मां गीता साहू से जो भी मिलने आ रहा है वो दोनों हाथों को कृतज्ञता से जोड़ ले रहीं हैं। गीता ने पांच दिन से कुछ नहीं खाया है और ना ही सोयी हैं। वे कहती हैं कि भगवान कैसे होते हैं, बीते पांच दिनों में देखा है। मेरा तो बेटा है राहुल पर बाकी लोग उसे बचाने के लिये दिन-रात, भूखे-प्यासे, बिना सोये लगे रहे। ये सब मेरे लिये साक्षात भगवान हैं। मैं तो सिर्फ की हूं राहुल को लेकिन सब ने मिलकर उसे नया जन्म दिया है। देश भर से करोड़ों लोगों की दुआओं ने असर किया है और आज मेरा बेटा मेरे सामने है।

राहुल से तीसरे...

प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेता सचिन पायलट को हिरासत में ले लिया। इससे पहले सुबह जब राहुल ईडी ऑफिस के लिए रवाना हुए तो पार्टी नेता और कार्यकर्ता सड़क पर प्रदर्शन करने उतर आए। कई महिला कार्यकर्ता पुलिस ने भिड़ गई, पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया है। वहीं, कांग्रेस कार्यालय में पुलिस की एंट्री पर कार्यकर्ताओं ने टायर जलाकर अपना गुस्सा दिखाया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सड़क पर धरने पर बैठ गए हैं। उस दौरान नेताओं और पुलिस के बीच झड़प की खबरें भी सामने आई। जांच एजेंसी नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के दौरान तीन दिनों से हंगामा जारी है।

कांग्रेस ने गृह मंत्री...

और वकीलों की ओर से दी गई सलाह के आधार पर ही बात कर रहे हैं।

कुएं का पानी ...

पानी भरा गया। इसके बाद दोनों परिवार के लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। इस पर गांव वालों को पता चला तो सभी को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, वहां प्रमिला बाई ने दम तोड़ दिया।

रामनाथ कोविंद ने ...

रीता एस. पिल्लई, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय मंत्री श्रीपाद नाईक, गोवा विधानसभा के प्रवक्ता रमेश तावड़कर के साथ अन्य लोग मौजूद रहे। राष्ट्रपति तटीय राज्य के दो दिन के दौरे पर हैं।

डीजीपी ने की कानून ...

कंपनियों के संचालकों के विरूद्ध की गई कार्यवाही तथा निवेशकों की धन वापसी के लिए किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश में नशीली पदार्थो का कारोबार करने वाले अपराधियों और चोरी, नकबजनी, लूटपाट एवं चाकूबाजी की वारदातों में संलग्न अपराधियों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के सभी जिलों में कानून व्यवस्था की स्थिति की भी जानकारी ली। प्रदेश में सामाजिक सद्भाव बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक उपाय एवं कार्यवाही किये जाने बाबत निर्देश दिए। प्रदेश में अपराधियों एवं गुंडों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा सामाजिक अपराध, जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब की बिक्री के विरूद्ध लघु अधिनियम के तहत प्रभावी कार्यवाही करने कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, हिमांशु गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक इंटेलिजेंश आनंद छाबड़ा सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सिखों पर टिप्पणी कर...

यही नहीं उन्होंने इस टिप्पणी को लेकर किरण बेदी से माफी मांगने की भी मांग की। पंजाब में आप के मुख्य प्रवक्ता मालविंदर सिंह कांग ने कहा कि मुझे किरण बेदी पर तरस आता है। यदि उन्हें सिख इतिहास के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

हालांकि विवाद को बढ़ता देख किरण बेदी ने माफी मांग ली है। उन्होंने कहा कि मैं सिख समुदाय का बहुत सम्मान करती हूं। मैं गुरु नानक देव जी की भक्त हूं। मैंने जो कुछ भी कहा था, उसे गलत तरीके से न समझा जाए। मैं माफी मांगती हूं। मैं सेवा और दयालुता में यकीन रखती हूं। कृपया मेरी मंशा पर किसी भी तरह का संदेह न रखें। बता दें कि किरण बेदी दिल्ली का विधानसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं और भाजपा ने उन्हें सीएम कैंडिडेट बनाया था। महिला आईपीएस अधिकारी के तौर पर चर्चित रहीं किरण बेदी फिलहाल पुदुचेरी की राज्यपाल हैं।

1984 के सिख विरोधी...

मुकदमा बंद कर दिया गया था। विशेष रूप से एसआईटी ने अपनी जांच में 1984 के सिख दंगों में 94 आरोपियों की पहचान की है, जिनमें से 74 आरोपी जीवित हैं।

गिरफ्तार चार लोगों की पहचान सैफुल्ला खान, योगेंद्र सिंह उर्फ बबन बाबा, विजय नारायण सिंह उर्फ बचन सिंह और अब्दुल रहमान उर्फ लांबू के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए सभी की उम्र 60 वर्ष से अधिक है और कानपुर के घाटमपुर इलाके से हैं।

क्या है 1984 का सिख विरोधी दंगा?

1984 के सिख विरोधी दंगे, जिसे 1984 के सिख नरसंहार के रूप में भी जाना जाता है, भारत में सिखों के खिलाफ उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई हिंसा की श्रृंखला थी। 1984 के सिख विरोधी दंगे कई दिनों तक जारी रहे। नई दिल्ली में हजारों सिख मारे गए।

देश में कोरोना की ...

लोग केरल में ठीक हुए। आंकड़ों के मुताबिक, दैनिक संक्रमण दर दो प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.35 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 42667088 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। कोरोना से मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। वहीं राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक टीकों की 195.5 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। कोरोना की वजह से बीते 24 घंटे में 15 लोगों की मौत दर्ज की गई। इसमें से 7 मौतें केरल की हैं। उसके अलावा महाराष्ट्र में 4, दिल्ली में 2 और एमपी-राजस्थान में 1-1 व्यक्ति की जान कोरोना की वजह से गई। उधर सक्रिय मामलों में सबसे ज्यादा 787 की बढ़ोतरी महाराष्ट्र में दर्ज की गई। उसके बाद दिल्ली में 616, केरल में 406, कर्नाटक में 196 का इजाफा हुआ। उत्तराखंड और त्रिपुरा ऐसे राज्य रहे, जहां एक्टिव मामलों में कमी आई है।

दीदी की बैठक से...

खासकर पंजाब में शानदार जीत के बाद बीजेपी के विकल्प के रूप में खुद को देख रही है। आगामी गुजरात और हिमाचल के चुनाव की तैयारी जोरों पर है। पार्टी की ओर से लगातार यह मैसेज दिया जा रहा है कि,'कही विकल्प है। वहीं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव भी राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी को कड़ी चुनौती पेश कर सकने वाले शक्तिशाली गठबंधन बनाने की कोशिश करने में जुटे हैं। दक्षिण की ओर से उनकी यह कोशिश जारी है।

बंगाल में जीत के बाद से ही ममता बनर्जी का प्रयास जारी

पश्चिम बंगाल में जीत के बाद से टीएमसी और ममता बनर्जी की ओर से यह मैसेज देने की कोशिश शुरू हुई कि बंगाल में मात दे सकते हैं तो दिल्ली में भी बीजेपी को हराया जा सकता है। उस वक्त से ही ममता बनर्जी की ओर से विपक्षी एकता की धुरी बनने की कोशिश शुरू होती है। सोनिया गांधी से ममता बनर्जी के रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं लेकिन ममता बनर्जी 'मिशन दिल्ली' की राह में निजी रिश्तों को आड़े नहीं आने देती।

NAME CHANGE

I Divya Jajoo D/o Narayan Prasad Agrawal and W/o Pankaj Jajoo R/o 902, Serene 2, Skye Luxuria Nipania, Indore, Madhya Pradesh - 452007, have changed my name to Divya Agrawal.

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मिताली बांदयोपाध्याय पिता स्व. प्रणव कुमार निवासी ग्राम से.8 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 613/56 रकबा 0.03 हे. (3352 वर्गफीट) भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार प्रणव कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शिवरानी गुप्ता पिता केदारनाथ गुप्ता निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/378 रकबा 0.027 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला
मामले की श्रेणी-राजस्व

क्रमांकः सीजी 5124926052022006

रिसाली प.ह.न. 00022 हे.

ईश्तहार

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी श्रीदेवी प्रमोद पिता/पति पी.प्रमोद नायर पता एम.आई.जी. 2/124 हुडको आमदी नगर भिलाई वेस्ट तह. व जिला दुर्ग भिलाई नगर तह व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा नं. 103/24 (0.0223) में नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/6/22 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायानय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि के पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/06/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूनम ठाकुर पति ठाकुर अमर सिंह निवासी ग्राम प्रगति नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 818/1 का टु. रकबा 3000 वर्गफीट भूमि को दानकर्ता ठाकुर अमर सिंह अन्य-1 पिता स्व. राय सिंह निवासी ग्राम प्रगति नगर रिसाली दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 13/10/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 2/6/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20220610090066/20220610090066

विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

पाटन प.ह.न. 00038

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / राजेन्द्र मिश्रा अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र मिश्रा आ. लखन लाल मिश्रा निवासी खोरपा तह. पाटन द्वारा ग्राम पाटन प.ह.नं. 38 तह. पाटन में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1542/2, 1440/3 रकबा क्रमशः 0.63, 0.40 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किए जाने आवेदन मय थाना रिपोर्ट, अदेय प्रमाण पत्र के साथ पेश किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 30/6/22 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/6/22 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202206101500029//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम घुघवा प.ह.नं. 06 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदन अजय चंद्रवंशी आ. स्व. रामाधार अन्य- 11 निवासी कबीरनगर रायपुर द्वारा मौजा ग्राम घुघवा प.ह.नं. 06 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने एवं अन्य के नाम पर दर्ज शामिलात खाते की भूमि खसरा नं. 242 रकबा 0.10 हे. में दर्ज सहखातेदारों भगवती प्रसाद एवं ललित कुमार का फौत हो जाने से सभी वैध वारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदक अजय चंद्रवंशी आ. स्व. रामाधार अन्य-11 निवासी कबीरनगर रायपुर द्वार प्रस्तुत आवेदन उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/6/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./247/निविदा/लो.नि.वि./2022 — भिलाई-चरौदा, दिनांक 15.06.2022

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में सरल क्र. 01 कार्य हेतु क्षेत्र स्तरीय संगठन (A.L.F.)/N.O.G./ समूह/संगठन द्वारा एवं सरल क्र. 02 से सरल क्र. 08 तक कार्यो हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ पंजीकृत फर्मो/ एजेंसी/ इच्छुक व्यक्ति जिनका GST पंजीयन हो एवं सरल क्र. 09 से सरल क्र. 13 तक कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा निम्नानुसार कार्य हेतु दिनांक 15.06.2022 से दिनांक 08.07.2022 समय सायं 5.30 बजे तक मैनुअल निविदा आमंत्रित कीजाती है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

स.क्र.	कार्य का विवरण	लागत राशि
1	2	3
1	शहरी बेघरों के लिए आश्रय स्थल संचालन कार्य (वार्षिक निविदा) (द्वितीय निविदा)	रु.6.00
2	इन्टेक वेल अमलेश्वर वर्टिकल मोटर के रिवाईडिंग कराए जाने का कार्य	रु.1.88
3	टैंकरों का संधारण कार्य (वार्षिक निविदा)	रु.3.48
4	वार्ड क्र. 04, जरवाय गौठान में पाईप लाईन स्थापना कार्य	रु.1.10
5	निकाय क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए टेंट/फुलमाला/ भोजन व्यवस्था का कार्य (वार्षिक निविदा) (द्वितीय निविदा)	रु.19.00
6	निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसाद हेतु बैनर फ्लैक्स प्रदाय कार्य (वार्षिक निविदा) (द्वितीय निविदा)	रु.5.00
7	निकाय परिसर में स्थापित Photocopy Machine, Toner संधारण कार्य (वार्षिक निविदा) (द्वितीय निविदा)	रु.3.00
8	निकाय परिसर में स्थापित Computer, Printer & Toner संधारण कार्य (वार्षिक निविदा) (द्वितीय निविदा)	रु.3.00
9	वार्ड क्र. 04, जरवाय गौठान में मशरूम उत्पादन केन्द्र निर्माण कार्य	रु.2.70
10	वार्ड क्र. 30, उरला में निषाद समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	रु.10.00
11	वार्ड क्र. 30, उरला में पटेल समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	रु.10.00
12	वार्ड क्र. 16, शांति नगर बंधवा तालाब के पास सार्वजनिक मंच निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा)	रु. 6.50

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सीधे नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा की वेबसाईट www.nagarnigambhilaicharoda.com से डाउनलोड कर निविदा की अंतिम तिथि तक कार्यालय में रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा/स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

"घर में रहें, स्वस्थ रहें। हारेगा कोरोना, जीतेगा हिन्दुस्तान"

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
भिलाई-चरौदा

Chola — Enter a better life

चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालयः नं. 2, 'डेयर हाऊस, प्रथम तल, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001.
शाखा कार्यालयः शॉप नं. 416, चौथी मंजिल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, मारुति बिजनेस पार्क के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर छत्तीसगढ़-492001. सम्पर्क नं. प्रकाश वर्मा- 9981343191, अंशुल अग्रवाल- 9713436260.

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और पतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपतियां की बिक्री के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना। एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रुप से ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपति प्रतिभूत लेनदार के साथ गिरवी रखी गई है, जिसका सांकेतिक कब्जा चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी लिया गया है, इसको उसके बाद चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड के रुप में संदर्भित किया गया। प्रतिभूत संपतियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर की जाएगी। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है हम वेबसाइट https://bankauctions.in के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

खाता नंबर, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं बंधककर्ता का नाम	1. तिथि 2. मांग सूचना राशि 3. कुल बकाया ऋण 4. कब्जे की तिथि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि, बोली वृद्धि, राशि (रुपये में)	ई-नीलामी तिथि, समय, ईएमडी जमा की अंतिम तिथि एवं निरीक्षण तिथि
ऋण खाता संख्या- X0HERRH00001353451, X0HERRH00001718178, X0HERRH00002261968, X0HERRH00002737568 एवं HE02RRH00000004573 1. अकबर अली फारुखी का कानूनी उत्तराधिकारी मसुदा फातिमा, 2. अकबर अली फारुखी का कानूनी उत्तराधिकारी मुजाहिद अली फारुखी, दोनों का निवास- मकान नं. 37/379, वार्ड नं. 41, यूनानी मेडिकल कॉलेज के पास, बैजनाथ पारा, रायपुर-492001, 3. अकबर अली फारुखी बुक सेन्टर, निवास- दुल्हेशाह मजार के पास, बैजनाथ पारा, रायपुर-492001.	19-01-2022 ₹ 12,33,101.690/- ₹ 72,67,525.65/- ₹ 71,14,659.07/- ₹ 54,87,393.31/- एवं ₹ 25,40,939.00/- कुल योग ₹ 2,36,43,618.72/- 18-01-2022 तक ₹ 2,43,36,171.22 तक 13-06-2022 को भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ। 20-04-2022 सांकेतिक कब्जा	मद-1: मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड नं. में स्थित नगर पालिका भवन संख्या 96, आबादी सर्वेक्षण संख्या 708 का हिस्सा, वार्ड नं. 41, बैजनाथपारा, ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं. 106-ए, आर.आई.सी- रायपुर -1, शहर, तहसील और जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि क्षेत्र - 445 वर्ग फीट (उस पर निर्माण के साथ) के हिस्से वाले संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। विषय संपत्ति (डीड के अनुसार) से घिरा है: - उत्तर द्वारा: गली, दक्षिण द्वारा: अहमद अली का घर, पूर्व द्वारा: मोहम्मद अली का घर, पश्चिम द्वारा: गली। मद-2: आबादी खसरा संख्या 678, क्षेत्र 506 + 506 वर्ग के भाग के अंतर्गत शामिल नगर पालिका भवन संख्या 22/162, नया घर संख्या 162/1 (भाग) फीट, (उस पर निर्माण के साथ) बैजनाथपारा, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड नंबर 41, आर.आई.सी-रायपुर, तहसील और जिला- रायपुर मे स्थित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। मद-3: आबादी खसरा संख्या 678, क्षेत्र 506+506 वर्ग के भाग के अंतर्गत शामिल नगर पालिका भवन संख्या 22/162, नया मकान नं. 162/1 (भाग) वाली संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश (उस पर निर्माण के साथ) बैजनाथपारा, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड नंबर 41, आर.आई.सी-रायपुर, तहसील और जिला-रायपुर में स्थित है।	₹ 33,29,000/- ₹ 3,32,900/- ₹ 25,000/- ₹ 2,22,59,000/- ₹ 22,25,900/- ₹ 1,00,000/-	25.07.2022 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), 22.07.2022 (शाम 5.30 बजे तक) 22.07.2022 और 21.07.2022 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक)
ऋण खाता संख्या- X0HERRH00003010411 ऋणी एवं सह-ऋणी: 1. गौतम प्रसाद देवांगन, 2. नीरा देवांगन, दोनों का निवास- मकान नं. 1144, आदर्श नगर, उरला रोड, बिरगांव, रायपुर, बिरगांव-493221, 3. केदारनाथ देवांगन, मकान नं. 1144, मेन रोड, सतीश किराना स्टोर, बिरगांव, बिरगांव-493221, 4. मां मावली मेडिकोज, निवास- मेन रोड, बिरगांव, रायपुर, बिरगांव-493221.	08-02-2022 ₹ 34,39,655.29/- 07.02.2022 तक ₹ 36,11,901.88/- 13.06.2022 को भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ। 28.04.2022 सांकेतिक कब्जा	खसरा नं. 131, सम्मिलित क्षेत्रफल- 1320 वर्गफीट या 122.67 वर्ग मीटर, मौजा- बिरगांव, वार्ड नं. 25, प.ह.नं. 101, आर.आई.सी. रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित आवासीय मकान।	₹ 33,00,000/- ₹ 3,30,000/- ₹ 25,000/-	25.07.2022 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), 22.07.2022 (शाम 5.30 बजे तक) 22.07.2022 और 21.07.2022 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक)
ऋण खाता संख्या- X0HERDN00002007920 एवं HE02RDN00000004185 ऋणी एवं सह-ऋणी: 1. सैय्यद अली रजा, 2. शहिस्ता खान, 3. सैय्यद नैय्यर हसन, 4. सैय्यद मोहम्मद हैदर, 5. खुर्शीद अख्तर, 6. समसुम्निशा हसन, सभी का निवास- 292, काली मंदिर के पास, भरकापारा, वार्ड-25, राजनांदगांव-491441, 7. रजा बॉडी बिल्डर्स, निवास- पुराना बस स्टैण्ड रोड, कोतवाली के पास, राजनांदगांव-491441.	08-02-2022 ₹ 40,23,220.01/- 07.02.2022 तक ₹ 42,47,068.93/- 13.06.2022 को भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ। 21.04.2022 सांकेतिक कब्जा	संपत्ति के संबंध में - नजूल शीट नं.- 48/सी, प्लॉट नं.- 143, क्षेत्रफल- 87.00 वर्ग मीटर, मौजा- भरकापारा में स्थित, काली मंदिर के पास, तहसील व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)	₹ 41,00,000/- ₹ 4,10,000/- ₹ 25,000/-	25.07.2022 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), 22.07.2022 (शाम 5.30 बजे तक) 22.07.2022 और 21.07.2022 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक)
ऋण खाता संख्या- X0HERRH00000795943, X0HERRH00002066641 एवं X0HERRH00002635546 ऋणी एवं सह-ऋणी: 1. मंदीप सिंह गिल, 2. गुरमीत कौर, दोनों का निवास- ई-205, सेक्टर-5, देवेन्द्र नगर, रायपुर-492001. 3. होटलस्टेशन रोड, स्टेशन के पास, रायपुर-492001.	08-11-2019 ₹ 1,83,54,684/- 25.10.2019 तक ₹ 2,71,91,373.16 13.06.2022 को भुगतान की तारीख तक आगे के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, लागत और शुल्क के साथ। 16.01.2020 सांकेतिक कब्जा	संपत्ति 1: वह सब टुकड़ा और संपत्ति वहन करने वाला प्लॉट नंबर-204/5, क्षेत्रफल -1000 वर्ग फीट, खसरा नं. 4/36 व 4/75 के हिस्से में स्थित, महात्मा गांधी वार्ड नंबर 25 देवेंद्र नगर आरडीए सेक्टर-5 की योजना संख्या 32, देवेंद्र नगर, पंडरी तराई, प.ह.नं. 109 शहर, रायपुर। संपत्ति 2: वह सभी टुकड़ा और संपत्ति असर प्लॉट नंबर ई-205/5, क्षेत्रफल -1030 वर्ग फीट, खसरा नं. 106/37, महात्मा गांधी वार्ड संख्या 25, देवेंद्र नगर, योजना संख्या के हिस्से में स्थित है। 32 आरडीए, सेक्टर -5, देवेंद्र नगर, पंडरी तराई, प.ह.नं. 109 शहर, रायपुर। संपत्ति 3: लीज होल्ड वाणिज्यिक कार्यालय / कार्यालय नं. 31 व 33 का दुकान असर भाग, नगर भवन संख्या 105 एव 117, पहली मंजिल पर क्षेत्र 788. वर्ग फीट, प्लॉट नं. 04, ब्लॉक नं. 93 पर स्थित है। 'रामदेव मार्केट' के रूप में जाना जाता है रायपुर खास प.ह.नं.106- ए, सरदार बाजार, वार्ड नं. 39 आर.आई.सी रायपुर।	₹ 1,72 30,000/- ₹ 17,23,000/- ₹ 1,00,000/- ₹ 96,53,000/- ₹ 9,65,300/- ₹ 25,000/-	25.07.2022 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), 22.07.2022 (शाम 5.30 बजे तक) 22.07.2022 और 21.07.2022 (सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक)

1. सभी इच्छुक भागीदारों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वेबसाइट https://bankauctions.in/&https://www.cholamandalam.com/ auction-notices देखें। ई-नीलामी की ऑनलाइन प्रशिक्षण, सहायता, प्रक्रिया के लिए संभावित बोलीदाता मेसर्स 4 क्लोसर, श्री यू. सुब्बाराव, नंबर- 8142000061 से सम्पर्क कर सकते हैं। ईमेल आईडी- subbarao@bankauctions.in, Email.bharathi@bankauctions.in. का संदर्भ लेवें।
2. नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://bankauctions.in देखें एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.cholamandalam.com/auction-notices पर जाएं।

इसे प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक 30 दिवस की बिक्री सूचना भी समझी जावे।

दिनांकः 16.06.2022, स्थानः रायपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/ चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कं.लिमि.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

नव संकल्प शिविर ने दुर्ग में कांग्रेस के लिए बजाई खतरे की घंटी!

शिविर में नेताओं की नाराजगी फूटी, आगामी विस व लोस चुनाव में पड़ेगा असर

नरेश सोनी

दुर्ग/नवप्रदेश। यदि इच्छाओं-भावनाओं या नाराजगी का दमन किया जाए तो आगे चलकर वह 4 गुना रफ्तार से वापस लौटतीं हैं। मंगलवार को कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में जिस तरह की नाराजगी फूटी, कह सकते हैं कि वह आगे चलकर चार गुना होने वाली है। जाहिर है कि इसका सीधा असर विधानसभा और उसके बाद लोकसभा के चुनावों पर होगा। संभव है कि नगरीय निकाय के चुनावों पर भी हो। कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता नेताओं के रवैय्ये से बेहद नाराज हैं। प्रदेश में अपनी सत्ता है, विधायक भी अपने है और महापौर भी... बावजूद इसके निचले स्तर के कार्यकर्ताओं की पूछ परख नहीं है। उन्हीं कार्यकर्ताओं पर चुनावी जीत की अपेक्षाएं लादी जा रही है। भाजपा, जिसे कैडर बेस पार्टी कहा जाता है, उसके नेता चुनाव से कुछ पहले कार्यकर्ताओं के साथ छोटी-छोटी बैठकें करते हैं। इन बैठकों में इन नाराज कार्यकर्ताओं से भड़ास निकलवाई जाती है। फिर नेता उन नाराज कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हैं कि अब सब कुछ ठीक होगा। कार्यकर्ता इसी बात से खुश हो जाता है कि उसने अपनी नाराजगी से नेताओं को अवगत करा दिया। इसके बाद वह पार्टी के लिए काम करता है। लेकिन इधर कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की न नाराजगी दूर करने की चेष्टा की गई, न ही उन्हें भड़ास निकालने दी गई। अब यही भड़ास बढ़ती चली जाएगी। अब तक चुनाव लड़ते रहे कांग्रेस के लोग जो गलतियां लगातार करते रहे, अब भी उसे दोहरा रहे हैं। दुर्ग शहर में पार्टी प्रत्याशी की लगातार 2 जीत काफी अहम है, लेकिन उपेक्षित और छोटे-छोटे कामों के लिए भटकते कार्यकर्ताओं की ओर पीठ कर लेने का नतीजा भी आने वाले दिनों में उन्हें ही भुगतना होगा।

किसी का भी ध्यान युवाओं की ओर नहीं गया

नव संकल्प शिविर में वक्ताओं को क्या कहना है, यह पीसीसी ने पहले ही तय कर रखा था। यह भी तय था कि उदयपुर शिविर में लिए गए संकल्पों पर ही चर्चा करानी है। उसी शिविर में जिन मुद्दों पर मंथन हुआ था, उसकी जानकारी भी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ बांचनी है। ऐसा ही किया भी गया। लगे हाथ शिविर में मौजूद कार्यकर्ताओं से भावी पार्टी प्रत्याशी की जीत का संकल्प भी लिया गया। प्रदेश प्रभारी गिरीश देवांगन से लेकर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू समेत अन्य लोगों ने एक सरीखी बातें कही, लेकिन किसी का भी ध्यान युवाओं की ओर शायद नहीं गया। शिविर के बाद जिन युवाओं को जोश से भरा हुआ होना चाहिए था, उनमें नाराजगी का भाव यह बताने के लिए काफी था कि दुर्ग का संकल्प शिविर अपनी उपयोगिता साबित करने में नाकाम रहा है।

नेता ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे

युवक कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता एनी पीटर का कहना था कि आने वाले चुनावों में जब सबको मिल-जुलकर काम करना है तो फिर नेता ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं? हम यह पहले ही तय कर चुके हैं कि प्रदेश में भूपेश बघेल की अगुवाई में एक बार फिर से सरकार बनानी है, दिल्ली में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तन, मन, धन से जुटना है। यह काम सिर्फ एक गुट का नहीं है। एनी को दुर्ग कांग्रेस के एक ब्लाक अध्यक्ष अलताफ अहमद ने मंच से नीचे उतार दिया था। यह वही एनी पीटर है, जिसने राष्ट्रीय प्रवक्ता के लिए हुए इंटरव्यू में 5 वां स्थान पाया था। जाहिर है कि इस युवती ने भावी राजनीतिक संभावनाएं हैं। यही शहर के कई कांग्रेसियों की आंखों की किरकिरी है। एनी पीटर का नाम पूर्व में संकल्प शिविर की वक्ता सूची में था, लेकिन उसे भी कटवा दिया गया।

यह तो पहले से तय था किसी के खिलाफ बोलना नहीं

शहर की कांग्रेसी राजनीति में सदैव आक्रामक रहने वाले एक युवा ने कहा, यह तो पहले से तय था कि किसी के खिलाफ बोलना नहीं है। जब पार्टी की भीतरी कमजोरियों को उजागर ही नहीं करना है तो ऐसे शिविरों का औचित्य क्या है? इस युवा नेता का कहना था, कार्यकर्ता हमेशा पार्टी की लड़ाई लड़ता है, लेकिन नेता उसे गुटों में बांटकर देखते हैं। क्या दुर्ग में कांग्रेस पार्टी एक गुट विशेष की सम्पत्ति बनकर रह गई है? उसने कहा, जिन उद्देश्यों को लेकर नव संकल्प शिविर रखा गया, वह पूरा होते नहीं दिखा। यदि पार्टी के सार्वजनिक आयोजनों में भी कार्यकर्ता उपेक्षित रहेंगे तो फिर उनसे कोई उम्मीद भी नहीं रखनी चाहिए। संकल्प दिलवाना तो दूर की बात है। स्पष्ट कहें तो दुर्ग में हुए नव संकल्प शिविर ने स्थानीय नेताओं के लिए खतरे की घंटी बजा दी है।

50 फीसदी युवाओं को पद देना हुआ था तय

सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह थी कि उदयपुर शिविर में 50 फीसदी नौजवानों को पद देना तय किया गया था। दुर्ग के शिविर में यदि 50 फीसदी युवाओं को बोलने का अवसर दिया जाता है तो आनंद मंगलम् में आयोजित यह शिविर शायद बेहतर संदेश दे पाता। जिन युवाओं के नाम वक्ता सूची में थे, उन्हें बाद में गुटों के हिसाब से बांट दिया गया और जो स्थानीय नेताओं के गुटों से अलहदा नजर आए, उन्हें किनारे लगा दिया गया। युवक कांग्रेस के कई कार्यकर्ता इसके सटीक उदाहरण हैं।

हाथ में मिली हॉकी स्टिक तो दौड़ पड़ी बच्चियां नई किस्मत लिखने

- सुदूर वनांचल रामगढ़ की बच्चियों की हॉकी खेलने की चाह को मिला प्रशासन का साथ

कोरिया/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से दूरस्थ बसे वनांचल रामगढ़ की स्कूली बच्चियों की हॉकी खेलने की चाह को जिला प्रशासन का साथ मिला है। बच्चियों की मांग पर स्थानीय प्रशासन द्वारा तुरंत हॉकी किट उपलब्ध कराई गई और उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया गया। विकासखंड सोनहत के ग्राम पंचायत रामगढ़ के शासकीय हाई स्कूल में पढ़ने वाली ये बच्चियां सुदूर वनांचल ग्रामों से आती हैं। रामगढ़, सिंघोर, चुलादर, नटवाही, एतवार, उज्ञाव और सलगंवा जैसों गांवों की रहने वाली इन स्कूली छात्राओं की इच्छा हॉकी खेलने की थी। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के संज्ञान में आते ही उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि छात्राओं को नई किट दिलाई जाए। त्वरित कार्य करते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा हॉकी किट पहुंचाई गई। इस किट में जूते, जर्सी, गॉर्ड और हॉकी स्टिक शामिल है। किट मिलते ही बच्चियों की खुशी का ठिकाना ना रहा। किट मिलते ही छात्राओं ने के मैच खेला जिसमें टीम। में लक्ष्मी, कृति, मीनू, निर्मला, संतरिया, प्रेमवती, सीमा, रेशु, सीता, मुस्कान और उर्मिला शामिल रही तो टीम बी में मनीषा, अमीषा, सिमरन, संगीता, प्रतिमा, पूर्णिमा, चंदा, कन्या, प्रभावती और रोशनी शामिल रही। उन्होंने नई किट मिलने पर खुशी जताते हुए जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

जंगल हो रहे साफ! लकड़ियों को ईंट भट्ठा में खपा रहे माफिया

- मैदानी क्षेत्र के भी हरे भरे लकड़ी हो गए साफ, लंबे समय से हो रही तस्करी

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। जंगलों ग्रामीण क्षेत्रों में जंगलों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। सुरक्षा कम होने से तस्कर बेशकीमती पेड़ों को काटकर तस्करी कर रहे हैं। वन विभाग बेखबर बना बैठा है। वन व राजस्व विभाग के सुस्त रवैये का फायदा तस्कर व लकड़ी चोर जमकर उठा रहे। इन दिनों क्षेत्र के जंगलों के बीच जाकर लोग पेड़ काटकर लकड़ी की चोरी कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले एसी व कूलर की ठंडी हवा खाते दफ्तर पर बैठे हुए हैं। इससे जंगल से लगातार लकड़ी की चोरी हो रही है। वहीं वन्य प्राणियों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों के शिकार करने की घटनाएं भी सामने आती रही है। अंचल के वन परिक्षेत्रों में हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है। कीमती छोटे पेड़ों की भी कटाई की जा रही है। ग्रामीण समेत वनांचल व अन्य क्षेत्र में भी लकड़ी की जमकर चोरी व अवैध कटाई हो रही है।

लकड़ी बिक रही ठेके पर, ठेकेदार सक्रिय

जानकारी के अनुसार गंडई क्षेत्र में अभी मैदानी इलाकों से ज्यादातर हरे भरे पेड़ो की कटाई की जा रही है इसके लिए आप क्षेत्र जैसे काशीटोला, संबलपुर, बीरनपुर आदि के ठेकेदार सक्रिय है।इनके द्वारा हरे भरे पेड़ों का दोहन करके अधिक दामों पर टिंबर व ईट भट्ठे में खपा रहे। दर्जनों की संख्या में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठे में वनांचल के जंगलों व मैदानी क्षेत्र से काटी गई हरी-भरी लकड़ियों को खपाया जा रहा है। लकड़ियों का खुलेआम परिवहन भी किया जा रहा है। ठेकेदारों पर वन विभाग एवं राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारि मेहरबान है। स्पष्ट यह है कि अधिकारियों व ठेकेदारों के बीच मिलीभगत कर क्षेत्रों में प्रदूषण के साथ-साथ शासन को लाखों रुपए के राजस्व की क्षति हो रही है।

जंगल के अधिकतर लकड़ी खपा रहे टिंबर में

जंगली व मैदानी इलाकों के हरे भरे पेड़ों को माफिया टिंबर में खपा रहे। क्षेत्र के किसानों से जानकारी मिली कि हमसे काम दामों में लेकर टिंबर में ले जाकर अधिक पैसे में बेच रहे। बताया जाता है कि अधिकतर लकड़ी माफिया कुम्हारी क्षेत्र के हैं। जानकारी यह भी मिली कि माफियाओं द्वारा यह कारोबार लंबे समय से किया जा रहा। इस पर आज तक एक भी कार्यवाही नहीं हुई है। लकड़ी माफिया कार्यवाही के डर से रात में लकड़ी परिवहन करना ज्यादा सुरक्षित मानते हैं। इससे कार्यवाही क डर नहीं रहता। क्षेत्र के अधिकारियों को कई दफा शिकायत करने के बाद भी आज तक एक भी कार्यवाही नहीं हुई है इससे संबंधित अधिकारियों पर सवालिया निशान लगने लगा है।

दर्जनों अवैध ईंट भट्ठे संचालित, कार्यवाही शून्य

लकड़ी के सहारे ईट पकाया जा रहा है। दूसरी ओर प्रतिदिन उस क्षेत्र में दर्जनों गाड़िया अवैध उत्खनन के कार्य में लगी है जिससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। विभागीय कारवाई नहीं होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है। ग्राम पैलिमेटा के अलावा गंडई के ग्राम काशिटोला, संबलपुर, चिलगुडा, पेंडरवानी, अचानकपुर, संडी, पंडरिया जैसे गांव में अवैध उत्खनन के साथ-साथ खुले आम परिवहन किया जा रहा है।

क्या कहते हैं तहसीलदार

इस संबंध में गंडई तहसीलदार टीआर वर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि ईट भट्ठे में कार्यवाही के लिए नायब तहसीलदार को आदेशित किया गया है। वहीं लकड़ी के अवैध परिवहन या कटाई के संबंध में शासकीय भूमि के पेड़ काटे जा रहे है तो तुरंत कार्यवाही की जाती है और लगानी जमीन पर स्वयं उपयोग हेतु कटा जा सकता है केवल बंभूर की लकड़ियों के लिए छूट है। अगर लकड़ी बेचा जाता है तो प्रूफ के आधार पर कार्यवाही करने की बात कही।

पूर्व आईएएस ओपी चौधरी पर एफआईआर विरोध में भाजयुमो ने सरकार का फूंका पुतला

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। पूर्व आईएएस व भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी पर हुए कोरबा जिले में एफआईआर दर्ज के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा राज्य की कांग्रेस सरकार का विरोध करते हुए शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार कोयला चोरी हो रही है एवं चोरी को जब ओपी चौधरी ने उजागर किया तो उनके ही ऊपर अपराध दर्ज कर लिया गया। कोयला माफियाओं को सरकार का संरक्षण

प्राप्त है इसलिए चोर मस्त हैं व चोरी उजागर करने वालों पर एफआईआर दर्ज किए जा रहे। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा कांग्रेस सरकार के हर भ्रष्टाचार, माफियाओं को संरक्षण व सच को दबाने के विरोध में हमेशा डटकर लड़ेगा व आज इसके विरोध में प्रदेश की सरकार का पुतला दहन किया है। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अट्टामी, दुर्गा सिंह, मुकेश शर्मा, ओजस्वी मंडावी, सत्यनारायण महापात्र, राकेश कुशवाह, अभिलाष तिवारी, नंदलाल मुड़ामी, मुन्ना मरकाम, सुनीता भास्कर, पायल गुप्ता, लता मरकाम, श्रवण कड़ती, रामू नेताम, जयदयाल नागेश, उर्मिला तामो, राजा गुप्ता, अनोज भदौरिया, राजू महेश्वरी, उरदो ठाकुर, रूपन, युवा मोर्चा महामंत्री राघवेन्द्र गौतम, अभिषेक राठौर, लक्ष्मी नाथ यादव, चंदन ध्रुव, राजतिलक यादव, श्रीकांत राव, अमित भदौरिया, कमल, अजय अवस्थी, नंदलाल यादव, कुलदीप, वेणु शंकर, प्रतीक, राजेश, हिमांशु, दुलसाय, शिव, गोलु इत्यादि युवा मोर्चा कार्यक र्ता उपस्थित थे।

राहुल के रेस्क्यू में बालको का रहा सराहनीय योगदान

कोरबा/नवप्रदेश। बोरवेल में फंसे 10 वर्षीय राहुल साहू को 105 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पिहरीद में शुक्रवार 10 जून दोपहर 2 बजे बोरवेल में गिरे राहुल को बचाने हेतु 14 जून की देर रात 12 बजे तक बचाव कार्य चला। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) मनीष जैन के नेतृत्व में 19 सदस्यीय रेस्क्यू टीम ने स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ की हर संभव मदद की। बचाव स्थल पर आवश्यक उपकरण जैसे पीपीईज, वेंटिलेशन पाइप, रोशनी युक्त हेलमेट, रेस्क्यू हारनेस फायर ब्रिगेड और जीवनरक्षक सामान मुहैया कराने में बालको टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बालको ने संयुक्त रूप से ऐतिहासिक कार्य कर अपनी

कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। जिला प्रशासन ने बालको के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की। सफल रेस्क्यू पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने रेस्क्यू टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि बालको बचाव दल ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर बचाव कार्य में हर संभव योगदान दिया। उन्होंने राहुल के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। श्री पति ने कहा कि बालको किसी भी चुनौतिपूर्ण परिस्थिती से निपटने हेतु जिला प्रशासन के सहयोग के लिए कटिबद्ध है।

सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने संसदीय सचिव ने किया आव्हान

- पचरी में गौपालन को बढ़ावा देने तथा किसानों की आर्थिक सुधार के लिए कार्यशाला आयोजित

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम पंचायत पचरी में वामा डेयरी द्वारा आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर शुभांरभ किया। इस दौरान उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। बुधवार को वामा डेयरी द्वारा ग्राम पंचायत पचरी में जिले में गौपालन एवं दूध उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों की आर्थिक सुधार को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक

विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने की। अ

तिथि के रूप में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर, एसपी विवेक शुक्ला, जिला पंचायत के सीईओ एस आलोक, जनपद पंचायत सीईओ निखत सुल्ताना, वामा डेयरी के एमडी प्रशांत धारीवाल, मोहित धारीवाल, कल्याण भद्रा, सरपंच हेमलता डडसेना, पवन डडसेना मौजूद थे। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने जिले में गौपालन एवं दूध उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों की आर्थिक सुधार को लेकर वामा डेयरी द्वारा किए गए प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गाय पालन को आर्थिक रूप से फायदेमंद बनाने के लिए गौधन न्याय योजना शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य गाय पालन को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी सुरक्षा और उसके माध्यम से पशुपालकों को आर्थिक रूप से लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने प्रदेश सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

किसानों को इस साल मिलेगा 2640 रुपए

विधायक चंद्राकर ने कहा कि किसानों को इस साल प्रति क्विंटल 2640 रूपए धान का समर्थन मूल्य मिलेगा। अगले साल किसानों को करीब 2800 रूपए मिलने की संभावना है। भूपेश बघेल के राज में किसानों को किसी भी प्रकार की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सक्षम बनने का आव्हान किया। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने कहा कि पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हो, ऐसी शासन की मंशा है। खेती-किसानी के साथ-साथ पशुपालन की ओर किसानों को आगे आना होगा। इसके पूर्व वामा डेयरी के एमडी प्रशांत धारीवाल ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन मोहित धारीवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरिता डडसेना, उपदेश मारकंडे, देवकुमार चेलक, लखन टंडन, जनक डडसेना, मोहित घिरे, अर्चना मारकंडे, बेदराम जोशी, सरस्वती गिलहरे, बिंदिया डोरा, राजकुमार कुर्रे, हुमेश्वर साहू, देवेश डडसेना, रेवाराम कुर्रे, प्रीति भगत सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।



छत्तीसगढ़

कहीं कोई छूट ना पाए
हर बच्चा स्कूल जाए

बस्तर में नक्सल हिंसा से बंद पड़े स्कूल फिर खुले

16 जून, सुबह 11 बजे

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा

शाला प्रवेश उत्सव

शुभारंभ

नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले में

डेढ़ दशक से बंद पड़े स्कूल फिर खुले

260 स्कूलों में शिक्षा प्रारंभ

11,013 बच्चों ने लिया प्रवेश

संवाद-32866